राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 115, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 10 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

ग्रेप चार के नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए जमीन पर उतरेंगे केजरीवाल सरकार के

.... पेज 03

बागपत: मिलावटी मावे की गाड़ी जब्त कर 5 कुंतल मावा कराया गया नष्ट

.... पेज 05

ऑस्ट्रेलिया महिला कप्तान मेग लैनिंग ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

.... पेज 07

## प्रदूषण पर उच्चस्तरीय बैठक : पंजाब में पराली जलाने पर तत्काल रोक

### हरियाणा में धान की कटाई 90 प्रतिशत से अधिक पूरी हो चुकी है, जबकि पंजाब में अभी 60 प्रतिशत कटाई हुई है

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और इसके आस पास इलाकों में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर केंद्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में संबंधित राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में निर्देश दिए गए हैं कि पंजाब में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। राज्यों को कहा गया है कि आगे पराली न जलाई जाए यह सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त/ जिलाधिकारी (डीसी/डीएम), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और एसएचओ की जिम्मेदारी तय की



जाए। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार उच्चतम न्यायालय के हाल के निर्देश अनुसार कैबिनेट सचिव ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और एनसीटी दिल्ली के मुख्य सचिवों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बुधवार को एक बैठक की अध्यक्षता की।

इस बैठक में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष और पर्यावरण, वन, कृषि, आवासन एवं शहरी कार्य और विद्युत मंत्रालयों के सचिव भी मौजूद थे। न्यायालय ने दिल्ली में वायु गुणवत्ता में गिरावट के मुद्दे पर सुनवायी के दौरान पिछले दिनों केंद्र और संबंधित राज्यों की सरकारों को तत्काल कदम उठाने को कहा था। विज्ञप्ति के अनुसार सभी राज्यों से फसल अवशेषों के प्रबंधन की केंद्रीय कृषि मंत्रालय की योजना का अपने यहां प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने और धन का पूरा उपयोग करने के लिए कहा गया है। विज्ञप्ति के अनुसार वायु प्रदूषण पर आपातकालीन बैठक ने कहा, हरियाणा में धान की कटाई 90 प्रतिशत से अधिक पूरी हो चुकी है, जबकि पंजाब में अभी 60 प्रतिशत कटाई हुई है।

विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में चर्चा की गयी कि इसलिए कटाई के बाकी बचे मौसम के दौरान, विशेषकर पंजाब में, पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

विस्तृत चर्चा के बाद कैबिनेट सचिव ने निर्देश दिया कि पंजाब राज्य प्रशासन इस फसल के मौसम के शेष दिनों में पराली जलाने संबंधी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करेगा।

## 4 से 22 दिसंबर तक चलेगा संसद का शीतकालीन सत्र

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू होगा और 22 दिसंबर तक चलेगा। इन 19 दिनों में 15 बैठकें होंगी।

केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, ''अमृत काल के बीच, मैं सत्र के दौरान विधायी कामकाज और अन्य विषयों पर चर्चा को लेकर उत्सुक हूं।''

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगे 'पैसे लेकर प्रश्न पूछने' के आरोपों से जुड़े मामले में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट भी इस सत्र के दौरान सदन में पेश की जाएगी। समिति ने मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की अनुशंसा की है।

प्रमुख आपराधिक कानूनों के स्थान पर लाए गए तीन प्रमुख विधेयकों पर सत्र के दौरान विचार किए जाने की संभावना है।

गृह मामलों की स्थायी समिति ने हाल ही में तीन विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट को स्वीकारा है। संसद में लंबित एक अन्य प्रमुख विधेयक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित है।

## मणिपुर में महिला समेत 2 लोगों की हत्या

### शव की आंखों पर पट्टी, हाथ पीछे से बंधे; सिर पर गोली लगने के निशान

इंफाल। मणिपुर की राजधानी इंफाल में पुलिस ने बुधवार को दो शव बरामद किए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक शव महिला का है, जो ताइरेनपोकपी इलाके के आसपास मिला।

वहीं मंगलवार को इंफाल पूर्वी जिले के ताखोक मापल माखा इलाके में एक पुरुष की डेड बॉडी मिली, जिसकी उम्र लगभग 40 साल बताई जा रही है। यह जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी।

पुलिस के मुताबिक, मरने वालों की आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी और हाथ पीठ के पीछे बंधे हुए थे और सिर पर गोली के निशान थे। पुलिस ने कहा- महिला उन चार लापता लोगों में से एक है, जिन्हें 7 नवंबर को इंफाल पश्चिम जिले के कांगचुप तलहटी से किडनैप कर लिया गया था।

### मैतेई भीड़ ने कुकी लोगों को अगवा किया, 3 सैनिक परिवार के

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में कांग्चुप चिंगखोंग गांव के पास 7 नवंबर को एक चेक पॉइंट पर मैतेई लोगों की भीड़ ने एक वाहन रोककर



उसमें सवार चार कुकी लोगों को अगवा कर लिया था। इनमें से तीन लोग एक सैनिक के परिवार के हैं। इनमें सैनिक की मां भी शामिल है।

जैसे ही लोगों के अगवा होने की खबर फैली, कुछ कुकी लोग हाथों में हथियार लिए घटनास्थल पर पहुंचे और कांग्चुप की तरफ फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में दो पुलिसकर्मियों और एक महिला समेत नौ लोग घायल हो गए। घायलों को इंफाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, वाहन में एक 65 साल के बुजुर्ग भी सवार थे, जिन्हें मौके पर मौजूद सुरक्षाबलों ने अगवा होने से बचा लिया। उनकी पहचान मंगलून हाओकिप के नाम से हुई है। उन्हें कई गंभीर चोटें आईं थीं, जिसके चलते उन्हें नगालैंड के दीमापुर में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बाकी चार लोगों की पहचान नेंगकिम (60), नीलम (55), जॉन थंगजिम हाओकिप (25) और जमखोतंग (40) के तौर पर हुई है। इनमें से एक महिला का शव मिल गया है।

पुलिस ने बताया कि पांच कुकी लोग चुराचांदपुर से कांगपोकपी की तरफ जा रहे थे, जब कांगपोकपी बॉर्डर पर इंफाल वेस्ट में दाखिल होते ही मैतेई समुदाय के कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, सैनिक मणिपुर के बाहर पोस्टेड है। जहां ये वारदात हुई, वो जगह कुकी-जो बहुल कांगपोकपी और मैतेई बहुत इंफाल वेस्ट जिले से लगी हुई है।

## कतर में सजा पाने वाले आठ भारतीयों की कानूनी मदद कर रही है सरकार

नयी दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कतर में मौत की सजा का सामना कर रहे आठ भारतीय नागरिकों के मामले में सरकार उचित कानूनी कदम उठा रही है और यहां उनके परिजनों के भी संपर्क में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरूवार को यहां कहा कि जैसा कि मंत्रालय की ओर से पहले भी बताया गया था कि कतर की एक अदालत ने 26 अक्टूबर को अल दहरा कंपनी के 8 भारतीय कर्मचारियों से जुड़े मामले में फैसला सुनाया है। ये सभी भारतीय नौसेना के पूर्व कर्मी हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला गोपनीय है और इसे केवल कानूनी टीम के साथ साझा किया गया है। यह टीम अब आगे कानूनी कदम उठा रही है, और एक अपील दायर की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले पर कतर के अधिकारियों से भी बातचीत करती रहेगी। प्रवक्ता ने कहा कि 7 नवंबर को दूतावास के अधिकारियों को बंदियों से मिलने का मौका मिला। सरकार यहां इन सभी के परिवार के सदस्यों के भी संपर्क में हैं और विदेश मंत्री ने इस महीने की शुरुआत में यहां उनसे मुलाकात की थी।

## बिहार विधानसभा में पास हुआ आरक्षण संशोधन विधेयक

### 75 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान, विधान परिषद-राज्यपाल की मंजूरी के बाद कानून बनेगा



पटना। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन गुरुवार को आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश हुआ, जिसे सर्व सम्मति से पास कर दिया गया। इसमें आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने बिल को अपना समर्थन दिया है।

अब यह विधेयक विधान परिषद में रखा जाएगा। जहां से पास होने के बाद राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी के बाद कानून बन जाएगा।

विधानसभा में नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी अपील है कि केंद्र सरकार भी जातीय गणना कराए। उन्होंने केंद्र से भी आरक्षण बढ़ाने की मांग की है। सदन में सीएम ने विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग दोहराई है।

विधेयक में EWS के आरक्षण का जिक्र नहीं होने पर बीजेपी ने सवाल उठाया। जिस पर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि EWS का आरक्षण दूसरे अधिनियम से लागू होगा। EWS आरक्षण पहले की तरह लागू रहेगा।

इसके अलावा बिहार सचिवालय सेवा संशोधन विधेयक 2023, बिहार माल और सेवाकर द्वितीय संशोधन विधेयक-2023 भी पेश किया गया।

विधानसभा में सीएम नीतीश और जीतनराम मांझी के बीच नोकझोंक हुई। मांझी आरक्षण विधेयक का विरोध कर रहे थे। तभी सीएम ने उन्हें बीच में ही टोका और कहा मेरी मुर्खता से ये मुख्यमंत्री बने थे। तीखी बहस के बीच सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### सुबह हंगामे के बाद कार्यवाही स्थगित हुई

गुरुवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री के सेक्स वाले बयान को लेकर बीजेपी ने विधानसभा में हंगामा किया। बीजेपी विधायक मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़े रहे। विपक्ष ने वेल में आकर नारेबाजी की। बीजेपी की महिला विधायक भागीरथी देवी, निक्की हेमब्रम और दो महिला विधायक आसान के पास पहुंच गईं। विधानसभा अध्यक्ष को पर्ची दिखाने लगीं। बीजेपी विधायकों ने कुर्सी-टेबल पटक दीं। स्पीकर ने कहा कि कुर्सी उठाने वाले विधायकों का नाम नोट किया जाए, कार्रवाई की जाएगी। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में माले विधायक सत्येंद्र यादव से भाजपा विधायकों में तीखी नोकझोंक हुई।

## महुआ के संसद से निष्कासन की सिफारिश

नई दिल्ली। संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने (कैश फॉर क्वेरी) के आरोपों में फंसीं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 9 नवंबर को इस मामले में लोकसभा की एथिक्स कमेटी की बैठक हुई, जिसमें पहले 479 पेज की जांच रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। इसके बाद कमेटी के 10 में से 6 मेंबर्स ने महुआ को लोकसभा से निष्कासित करने के लिए वोट किया। 4 मेंबर्स ने इसके विपक्ष में वोट दिया।

सूत्रों के मुताबिक, ये रिपोर्ट शुक्रवार 10 नवंबर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को सौंपी जाएगी। हमारा एजेंडा सिर्फ रिपोर्ट को स्वीकार करना था। वहीं, कमेटी के जिन 4 सदस्यों ने महुआ के निष्कासन का विरोध किया, उन्होंने रिपोर्ट को पूर्वाग्रह से ग्रस्त और गलत बताया।



एथिक्स कमेटी की सिफारिश के बाद महुआ ने पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ये कंगारू कोर्ट में पहले से फिक्स मैच की तरह था। भले ही वे मुझे निष्कासित कर दें, अगली लोकसभा में मैं ज्यादा वोटों से जीतकर वापस आऊंगी।

### कमेटी की कांग्रेस सदस्य ने महुआ के निष्कासन के लिए वोट डाला

बीजेपी सांसद और कमेटी मेंबर

### एथिक्स कमेटी के 6 मेंबर्स ने पक्ष वोट किया

अपराजिता सारंगी ने कहा- कांग्रेस सांसद प्रनीत कौर ने सच का साथ दिया।

मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं। कोई भी सही सोच वाला व्यक्ति महुआ मोइत्रा का समर्थन नहीं करेगा।

### महुआ का आरोप- अडाणी के पास पहुंचे गोपनीय दस्तावे

उधर एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट लीक होने पर महुआ मोइत्रा ने लोकसभा स्पीकर बिड़ला को लेटर लिखकर शिकायत दर्ज कराई।

महुआ ने कहा कि एक प्राइवेट न्यूज चैनल ने कमेटी की रिपोर्ट पब्लिश कर दी। यह लोकसभा के नियमों का उल्लंघन है। सबसे हैरानी की बात है जिस चैनल में यह खबर चल रही वो अडाणी ग्रुप का है।

मेरे खिलाफ उसी बिजनेसमैन पर पैसे के बदले सवाल पूछने का आरोप लगा है। वही बिजनेसमैन एथिक्स कमेटी के गोपनीय दस्तावेजों को एक्सेस कर रहा है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया कि महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपी की जांच अब सीबीआई कर सकती है। निशिकांत दुबे ने बुधवार 8 नवंबर को एक्स पर लिखा- लोकपाल ने आज मेरी शिकायत पर आरोपी सांसद महुआ जी के राष्ट्रीय सुरक्षा को गिरवी रखकर भ्रष्टाचार करने के मामले में सीबीआई इन्क्वायरी का आदेश दिया है।

## भारत और अमेरिका के बीच टू प्लस टू वार्ता आज

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच पांचवीं मंत्री स्तरीय टू प्लस टू वार्ता शुक्रवार को यहां होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर वार्ता में भारत का जबकि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन आज भारत आ रहे हैं । उन्हें तीनों सेनाओं की टुकड़ी की ओर से सलामी गारद पेश की जायेगी। श्री ऑस्टिन गत जून में भी यहां आए थे और उस दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ वार्ता भी की थी। वार्ता के दौरान दोनों देश रक्षा , सुरक्षा , प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढाने के लिए जारी सहयोग की समीक्षा करेंगे।

## गुरुग्राम : बस में लगी आग, दो की मौत

### 12 लोग झुलसे; बस जयपुर से दिल्ली जा रही थी

गुरुग्राम। गुरुग्राम में बुधवार रात एक चलती स्लीपर बस में आग लग गई। हादसे में 2 लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 12 लोग झुलस गए। घटना दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर झाड़सा फ्लाईओवर के पास रात 8.30 बजे हुई। जानकारी मिलते ही दमकल की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। 5 घायलों को मेदांता अस्पताल और 7 घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आग किस वजह से लगी, इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

### बस में रखे थे छोटे गैस सिलेंडर

गुरुग्राम के पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने बताया कि घटना के



वक्त बस में करीब 35-40 लोग सवार थे जो उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे और दिवाली के मौके पर अपने घर जा रहे थे। ये लोग अपने साथ छोटे गैस सिलेंडर भी रखे थे। कमिश्नर अरोड़ा ने आगे कहा, शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि आग इन छोटे सिलेंडरों की वजह से लगी होगी। हालांकि, फोरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने यह भी बताया कि घटना के बाद बस का ड्राइवर भाग गया और उसे पकड़ने की कोशिश की जा रही है। गुरुग्राम के सिविल अस्पताल के डॉ. मानव ने बताया कि हमारी टीम सात घायल लोगों का इलाज कर रही है। सभी घायल 30 से 50 फीसदी तक जल गए हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है। वहीं, घटना को लेकर एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने बताया कि बस अरुणाचल प्रदेश की है, जिसका नंबर एआर 01 के 7707 है। घटनास्थल से दो लोगों की डेड बॉडी रिकवर की गई है। बस में सवार सभी लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है।

## मोतिहारी में गैस सिलेंडर से आग लगी, 40 झुलसे, 25 गंभीर

### घायलों में ज्यादातर बच्चे; लीकेज के बाद माचिस जलाते ही फैली आग

**एजेंसी**

बेतिया। मोतिहारी में गैस सिलेंडर में आग लगने से 40 लोग झुलस गए। 25 की हालत गंभीर है। घायलों में ज्यादातर बच्चे शामिल हैं। आनन-फानन में सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गंभीर रुप से घायल 9 लोगों को बेतिया गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि 6 लोगों को रक्सौल के डंकन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी की डिटेल अभी नहीं मिल पाई है।



घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। छानबीन की जा रही है। अभी तक किसी के मौत की पुष्टि नहीं हुई है। घटना रामगढ़वा प्रखंड के पखनहिया गांव की है।

बताया जा रहा है कि सिलेंडर से गैस लीकेज कर रहा था, जो पूरे घर में फैल गया। ग्रामीणों ने ठीक करने की कोशिश की। चेक करने के दौरान जैसे ही माचिस जलाई गई तो आग पूरे घर में फैल गई।

घायलों के परिजनों ने बताया कि अच्छे लाल के घर गुरुवार शाम से ही एक गैस सिलेंडर लीकेज कर रहा था। जिससे घर में गैस चारो तरफ फैल गया था। जिसके बाद गैस सिलेंडर को घर से बाहर कर दिया था। बाहर लाकर लीकेज को रोकने की कोशिश की गई थी। करीब 1 घंटा बाद फिर उसे घर में लाकर रख दिया।

**गैंगरेप**

### पीड़िता के बयान के बाद धारा बढ़ाई; गन पॉइंट पर छात्रा के कपड़े उतरवाए थे

## आईआईटी-बीएचयू की छात्रा के साथ हुआ था गैंगरेप

**एजेंसी**

**वाराणसी।** आईआईटी-बीएसयू की छात्रा के साथ छेड़छाड़ ही नहीं, बल्कि गैंगरेप भी हुआ था। वारदात के 8वें दिन पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने गैंगरेप की धारा यानी 376 (डी) बढ़ाई है। एक नवंबर की आधी रात के बाद कैंपस में हुई इस वारदात में शुरुआती एफआईआर के मुताबिक, बुलेट से आए तीन लड़कों ने गन पॉइंट पर छात्रा के कपड़े उतरवाए और वीडियो बनाया। तब धारा 354 (बी) यानी कपड़े उतरवाना और 509 धमकी देना की धारा में केस दर्ज हुआ था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार (7 नवंबर) को छात्रा का बयान पुलिस ने दर्ज किया। इसके बाद बुधवार (8 नवंबर) को मजिस्ट्रेट के सामने पीड़िता के बयान हुए। इसके बाद केस में गैंगरेप की धारा जोड़ी गई। गैंगरेप की धारा जुड़ने के बाद अब इस पूरे मामले की जांच लंका एसएचओ शिवाकांत मिश्रा को सौंप दी गई है।

वाराणसी पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने दैनिक भास्कर से कहा कि छात्रा के स्टेटमेंट के बाद कुछ जरूरी धाराएं बढ़ाई हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी अब करीब है। उनका बच पाना संभव नहीं है। हालांकि, गैंगरेप की धारा बढ़ाने के मामले पर उन्होंने



कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

### पीड़िता का मेडिकल कराया, अब कोर्ट को सौंपेंगे रिपोर्ट

वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने कहा कि 161 और 164 के तहत पीड़िता का बयान लिया गया। दो धाराएं जोड़ीं गई हैं। छात्रा का पुलिस ने मेडिकल भी कराया। अब बयान के आधार पर विवेचना जारी है।

इसके बाद कोर्ट को पूरी रिपोर्ट दी जाएगी। गैंगरेप की धारा जोड़ने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि हमने कोर्ट को अवगत करा दिया है कि धारा में क्या बढ़ाया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जल्द पुलिस प्रेस-कॉन्फ्रेंस कर तीनों आरोपियों का खुलासा कर सकती है।

### छात्रों ने किया था शक्ति प्रदर्शन

वारदात के बाद 8वें दिन भी सभी 3 आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। बुधवार शाम यानी वारदात के 7वें दिन 6 हजार स्टूडेंट्स ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया था। इसके बाद देर रात धरनास्थल पर वाराणसी के कई बड़े पुलिस अधिकारी पहुंचे। छात्रों और पुलिस के बीच कई दौर की चर्चा हुई। छात्रों को आश्वासन मिला और वे अपने-अपने हॉस्टल लौट गए। आज डायरेक्टर ऑफिस के बाहर धरनास्थल खाली है। वहां कोई एक्टिविटी नहीं है।

## शार्ट न्यूज

### ई.टी.टी.अध्यापक का फर्जी बी.सी.और पंच का फर्जी एस.सी. सर्टिफिकेट किया रद्द

चंडीगढ़। अनुसूचित जाति सर्टिफिकेट सरकारी स्तर पर गठित राज्य स्तरीय स्क्रूटनी कमेटी ने गुरुवार को पटियाला निवासी जसवीर सिंह ( ई.टी.टी.टीचर तैनाती बलटाना जीरकपुर एस.ए.एस. नगर ) का फर्जी पिछडी श्रेणी सर्टिफिकेट और पंच मिट्ठू राम गांव सुरल कलां, जिला पटियाला का फर्जी अनुसूचित जाति सर्टिफिकेट रद्द कर दिया। सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ बलजीत कौर ने कहा कि बलवीर सिंह पुत्र निर्मल सिंह, गांव आलमपुर, पटियाला ने डायरेक्टर सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग के पास शिकायत दर्ज करवाई थी कि जसवीर सिंह हरियाणा से आकर शादी के बाद यहां का निवासी बन गया और उसने पंजाब राज्य का पिछडी श्रेणी सर्टिफिकेट बनवा लिया। इस सर्टिफिकेट के आधार पर उसने शिक्षा विभाग में शिक्षक की नौकरी प्राप्त की है। शिकायतकर्ता ने जसवीर सिंह का पिछडी श्रेणी सर्टिफिकेट रद्द करने और उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इसी तरह पाला सिंह, जसविंदर सिंह और हरनीत सिंह सभी निवासी गांव सुरल कलां तहसील राजपुरा जिला पटियाला द्वारा डायरेक्टर सामाजिक न्याय,जिला पटियाला राजपूत जाति से संबंधित है, लेकिन उसे अनुसूचित जाति का सर्टिफिकेट बनवाया हुआ है।

### बीआरएस तेलंगाना के लोगों को समर्पित

कामारेड्डी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने इस बात पर जोर दिया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी की स्थापना राज्य के लोगों को ध्यान में रखकर की गई थी। केसीआर ने गुरुवार को कामारेड्डी विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने नामांकन कार्यक्रम के दौरान एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया और क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के शासन के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 50 साल के शासन ने क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति नहीं की, बल्कि राज्य के विकास को नुकसान पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं को कांग्रेस की बातों से प्रभावित न होने की चेतावनी दी और उनसे वोट डालते समय उस व्यक्ति और उसके पीछे की पार्टी पर विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने विचारशील मतदान के महत्व और राजनीतिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में परिपक्वता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने दोहराया कि बीआरएस पार्टी की स्थापना तेलंगाना के लोगों की सेवा करने, राज्य की उपलब्धियों को बढ़ावा देने और अपने निवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए की गई थी।

### भाजपा सरकार मतदाताओं के द्वारा सरकार तय करने के अधिकार को कर रही है प्रभावित

जयपुर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदम्बरम ने केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), इनकम टैक्स एवं केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राजस्थान में अगली सरकार किसकी हो यह तय करने का अधिकार 5.2 करोड़ मतदाताओं को है लेकिन केन्द्र में बैठी यह सरकार कुछ मुठ्ठी भर चेहराविहीन लोगों के तहत इस अधिकार को प्रभावित करना चाहती है। चिदम्बरम गुरुवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई इतिहास में इस तरह की घिनौनी हरकत कभी भी किसी ने नहीं की लेकिन अब यह केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार राजस्थान में कर रही है और यह राजस्थान में सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वह राजस्थान की जनता से गुजारिश है कि वह इस हरकत को नाकाम करते हुए अपने लोकतांत्रिक अधिकार का बचाव कर अपनी मर्जी की सरकार राजस्थान में चुनेगी। राजस्थान की जनता उसी पार्टी को चुनेगी जिसने पिछले पांच साल में विकास के लिये काम किया हो और आने वाले पांच साल में भी लोगों की भलाई सोचने वाली सरकार होगी।

### बिहार विधानसभा में पांच विधेयक पारित

पटना। बिहार विधानसभा में गुरुवार को कुल पांच विधेयक पारित किये गये, जिनमें राज्य में सरकारी सेवाओं में आरक्षण की ऊपरी सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने के नये आरक्षण फार्मूले से संबंधित विधेयक भी शामिल है। प्रदेश में हाल ही में जारी सामाजिक आर्थिक जातीय सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आलोक में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। रिक्तियों के विरुद्ध पदों का आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग के लिए) (संशोधन) विधेयक 2023 सदन में पारित किया गया, जिसने बिहार में सरकारी सेवाओं में नए आरक्षण फॉर्मूले को लागू करने का मार्ग प्रशस्त किया। विधेयक के प्रावधान के अनुसार, एससी को 20 प्रतिशत, एसटी को दो प्रतिशत वहीं ओबीसी को 43 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सवर्ण गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण पहले की तरह जारी रहेगा। इसी तरह, बिहार (शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में) आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 के नाम से जाना जाने वाला एक अन्य विधेयक भी सदन में पारित कर दिया गया, जिसमें नई आरक्षण प्रणाली के तहत सरकारी सेवाओं के समान सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में भी आरक्षण फॉर्मूले का प्रावधान है।

### भाजपा को महिला सम्मान की बात करने का अधिकार नहीं : ललन सिंह

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन' सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिलाओं के संबंध में दिए गए अटपटे बयान की याद दिलाते हुए आज कहा कि भाजपा को महिला सम्मान की बात करने का अधिकार नहीं है। सिंह ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रजनन दर के विषय में अपनी बात कह रहे थे और बिहार सरकार की उपलब्धियां को गिनवा रहे थे। इस दौरान कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग हुआ, जो आमतौर पर नहीं होना चाहिए था। लेकिन, मुख्यमंत्री को तुरंत अपनी गलतियों का एहसास हुआ और उन्होंने 24 घंटे के अंदर मीडिया में सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। इसके बाद इस विषय पर हो हल्ला बंद हो जाना चाहिए था। जदयू अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि श्री मोदी ने महिलाओं के लिए ''बेटी बचाओ बेटी पटाओ'' और ''50 करोड़ की गर्लफ्रैंड'' जैसे निम्नस्तरीय वाक्यों का प्रयोग किया था। क्या इसके लिए कभी उन्होंने माफी मांगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को महिला सम्मान के विषय में ज्ञान देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त और संबल बनाने में मुख्यमंत्री कुमार की अहम भूमिका रही है।

### छत्तीसगढ़ में निगरानी दलों ने 66 करोड़ 33 लाख रुपए की नगदी और वस्तुएं की जब्त

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से अभी तक 66 करोड़ 33 लाख रुपए की अवैध धनराशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 17 करोड़ 98 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान कल तक 47 हजार 371 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत एक करोड़ 35 लाख रुपए है। साथ ही तीन करोड़ 99 लाख रुपए कीमत की अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जाँच अभियान के दौरान 20 करोड़ 36 लाख रुपए कीमत के 484 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत 22 करोड़ 62 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने चुनावों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों के परिपालन मंर राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# प्रदेश के 1088 प्रोजेक्ट पर 18.20 करोड़ जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्रदेश के 732 प्रोजेक्ट पर 2-2 लाख और 356 प्रोजेक्ट पर 1-1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कुल 1088 प्रोजेक्ट पर 18.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बिल्डरों पर यह कार्रवाई प्रोजेक्टों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर) दाखिल न करने पर की गई है। यूपी रेरा ने चेतावनी दी है कि अगर जुर्माना राशि को तत्काल जमा नहीं किया तो फिर रिकवरी सर्टिफिकेट जारी कर वसूली की जाएगी।




यूपी रेरा में इस समय 3515 प्रोजेक्ट पंजीकृत हैं और इनमें से करीब 1400 का निर्माण पूरा हो चुका है। बाकी प्रोजेक्ट निर्माणाधीन हैं। बिल्डरों को प्रोजेक्ट की तिमाही और वार्षिक प्रगति रिपोर्ट देनी जरूरी होती है, लेकिन ज्यादातर बिल्डर रिपोर्ट प्रेषित नहीं कर रहे हैं।

यूपी रेरा ने ऐसे बिल्डरों के प्रोजेक्ट को चिन्हित करना शुरू कर दिया है। पहले चरण में यूपी रेरा ने प्रदेश के 732 प्रोजेक्ट को चिन्हित कर 2-2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बिल्डरों ने प्रोजेक्ट पूरा करने व निर्माण के संबंध में लक्ष्य तय नहीं किए हैं। वहीं, 356 प्रोजेक्ट की क्यूपीआर को अपडेट नहीं किया गया है।

बिल्डरों ने जो लक्ष्य तय किए थे, उनको पूरा किया गया या नहीं, इसकी जानकारी नहीं दी है। इस कारण इन बिल्डरों पर 1-1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यूपी रेरा ने कुल 1088 प्रोजेक्ट पर 18.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

> बिल्डरों को समय पर प्रोजेक्ट की प्रगति रिपोर्ट देनी होगी। अगर नहीं देंगे तो इसी तरह जुर्माना लगाया जाएगा। बिल्डर जुर्माना राशि जमा नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ आरसी जारी कर वसूली की जाएगी।
>
> **-प्रमोद कुमार उपाध्याय, सचिव, यूपी रेरा**

#### पूर्व की लंबित क्यूपीआर भी देनी होगी

यूपी रेरा के अफसरों ने बिल्डरों को आदेश दिया है कि अगर किसी की क्यूपीआर पूर्व की भी लंबित है तो उसे भी तत्काल देना होगा। वेबसाइट पर अपलोड करने से पहले विलंब शुल्क जमा करना होगा। उसके बाद ही वर्तमान की क्यूपीआर अपडेट हो सकेगी।

समय विस्तार भी तभी मिलेगा। अगर पूर्णता प्रमाण पत्र मिल गया है तो वह भी अपलोड करना होगा। उस समय भी लंबित क्यूपीआर जमा करनी होगी।

### जम्मू में ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में दो पुलिसकर्मी निलंबित

जम्मू। जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. विनोद कुमार ने गुरुवार को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में दो पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि नियमित रात्रि जांच ड्यूटी पर पुलिस अधिकारियों की एक नामित टीम को एक पुलिस वाहन लावारिस मिला और रात्रि ड्यूटी के लिए तैनात पुलिसकर्मी ड्यूटी में लापरवाही करते पाये गये। इस पर एसएसपी जम्मू ने पुलिस चौकी चिनौर के दो पुलिस कर्मियों को निलंबित करने का आदेश दिया। निलंबित पुलिस कर्मियों में कांस्टेबल जगदीश राज और वसीम अकरम हैं।

## माफिया अतीक का करोड़ों का आलीशन बंगला होगा कुर्क

### गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस करेगी कार्रवाई

ग्रेटर नोएडा। माफिया अतीक अहमद का ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 में स्थित करोड़ों का आलीशन बंगला मन्नत कुर्क होगा। गैंगस्टर एक्ट के तहत पुलिस कुर्की की कार्रवाई करेगी। मन्नत की अनुमानित कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। अतीक ने अवैध तरीके से धन अर्जित करके संपत्ति बनाई थी।

इससे पहले सोमवार को अतीक अहमद की 12.5 करोड़ की बेनामी संपत्ति को पुलिस ने कुर्क किया। प्रयागराज में एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के गौसपुर कटहुला गांव में बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रही। पुलिस ने मुनादी कराने के बाद संपत्ति को कुर्क कर दिया और वहां पर इससे संबंधित बोर्ड भी लगवा दिया। 12.5 करोड़ रुपये की 25 बीघे जमीन को अतीक ने राजमिस्त्री हूबलाल के नाम पर बनाई थी।

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में गौसपुर कटहुला स्थित इस जमीन को कुर्क करने के लिए कागजी कार्रवाई कई दिन पहले ही शुरू हो गई थी। पुलिस ने इसे गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क कर दिया। कुल 23,447 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली यह जमीन अतीक ने 14 अगस्त 2015 को एक राजमिस्त्री के नाम से खरीदी थी।

### दो साल की बच्ची के दुष्कर्मी को मृत्यु पर्यंत आजीवन कारावास

बारां। राजस्थान में पोक्सो अदालत फर्स्ट बारां ने करीब दो साल की अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म के एक आरोपी को मृत्यु पर्यंत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इस मामले के आरोपी सोनू बंजारा उर्फ जजक्या उर्फ बैल (30) निवासी बड़गांव थाना सीसवाली को यह सजा सुनाई। अदालत ने 50 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया। केस ऑफिसर स्कीम में चयनित इस प्रकरण में पुलिस ने मात्र 13 दिन में चालान पेश कर दिया था। पुलिस अधीक्षक राज कुमार चौधरी ने बताया कि राजस्थान पुलिस बालिकाओं एवं महिलाओं पर होने वाले अपराधों को लेकर अत्यधिक संवेदनशील है।

## नोएडा की हवा फिर हुई खतरनाक

**नोएडा।** पहले अपर मुख्य सचिव और फिर राज्यमंत्री को दिखाने के लिए युद्धस्तर पर प्रदूषण कम करने को लेकर हुई कवायदों का असर नोएडा में 24 घंटे भी नहीं रहा।

बुधवार को नोएडा की हवा वापस डार्क रेड जोन में पहुंचकर खतरनाक हो गई है। वहीं ग्रेटर नोएडा अब भी गैस चैंबर बना हुआ है। यहां एक्यूआई लगातार 400 के ऊपर रिकॉर्ड हो रहा है।



केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को नोएडा का एक्यूआई 405 रिकॉर्ड हुआ। मंगलवार को इसमें गिरावट आई थी। इसके बाद औसत एक्यूआई 355 तक पहुंच गया था। बुधवार को फिर से प्रदूषण बढ़ने पर एक्यूआई बढ़ा। ऐसे में औसत एक्यूआई 405 रिकॉर्ड हुआ है। नोएडा में सबसे खराब हवा आवासीय सेक्टर-116 की रही। यहां रात को आठ बजे पिछले 24 घंटे का औसत एक्यूआई 478 रहा।

वहीं सेक्टर-62 में 428 एक्यूआई रहा, जोकि हवा के खतरनाक होने का संकेत है। सेक्टर-125 में एक्यूआई 347 और सेक्टर-1 में 382 रिकार्ड किया गया। ग्रेटर नोएडा में हवा में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। यहां मंगलवार को एक्यूआई 457 रहा था। वहीं बुधवार को यह बढ़कर 474 हो गया। नॉलेज पार्क-3 में एक्यूआई 481 और नोलेज पार्क-5 में 468 रहा।

## त्योहार को लेकर सेक्टर-18, अट्टा मार्ग पर डायवर्जन

**नोएडा।** त्योहार पर भीड़भाड़ वाले बाजारों में सड़कों पर यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नोएडा ट्रैफिक विभाग ने डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। इसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। इसके लिए यातायात विभाग जल्द ही टीमें गठित कर जिम्मेदारी सौंपने की दिशा में काम कर रहा है।



एडवाइजरी में बताया गया है कि त्योहारों पर शहर की सेक्टर-27 अटटा मार्केट, इंदिरा मार्केट, सेक्टर 18, जीआईपी मॉल, गार्डन गैलेरिया मॉल, डीएलएफ मॉल, सेक्टर-29 ब्रहमपुत्र मार्केट, सिटी सेंटर स्थित लॉजिक्स मॉल, होशियारपुर, शॉप्रिक्स मॉल, सेक्टर-37, बाटनिकल गार्डन, किसान चौक, सूरजपुर, जगतफार्म, परीचौक, कासना एवं दादरी कस्बा आदि स्थानों पर डायवर्जन लागू किया जाएगा। वहीं अट्टा मार्केट, सेक्टर-18, डीएलएफ मॉल, जीआईपी मॉल, गार्डन गैलेरिया कॉल के आसपास के क्षेत्र को नो पार्किंग जोन बनाया गया है। यहां वाहन खड़ा करने पर क्रेन से उठवा लिया जाएगा और जुर्माना भी वसूला जाएगा। जानकारी या असुविधा के लिए यातायात पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क किया जा सकता है।

#### इन मार्गों पर आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

अट्टा पीर चौक से कार मार्केट सेक्टर-28, ब्रहमपुत्र मार्केट और अट्टापीर से अट्टा चौक तक ई-रिक्शा, ऑटो, टैंपो का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

वहीं वाहन खड़ा करने के लिए डीएलएफ मॉल, सेंट्रेज स्टेज मॉल, जीआईपी, गार्डन गैलेरिया, और सेक्टर-18 स्थित मल्टीलेवल पार्किंग का विकल्प रहेगा।

### देहरादून के रिलायंस ज्वैलरी शॉप में दिनदहाड़े डकैती

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में गुरुवार सुबह व्यस्ततम इलाके में रिलायंस ज्वैलरी शॉप में हथियारों के बल पर कई करोड़ रूपए के हीरे, सोने और चांदी के आभूषण लूट लिए गए। घटना के समय पुलिस लाइन में राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया जा रहा था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज सुबह ज्वैलरी शॉप में हुई घटना में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में चार टीमें गठित की हैं।

## मिलावटखोरी रोकने के लिए मिठाई की दुकानों का निरीक्षण

जालंधर। त्योहारी सीजन में मिलावटी मिठाइयों और दूध उत्पादों की बिक्री की जांच करने के लिये पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त विशेष सारंगल के निर्देशों पर उप मंडल मजिस्ट्रेट मेजर डॉ इरविन कौर ने नकोदर में मिठाई की दुकानों पर औचक जांच की। उपजिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा टीम के साथ मिठाई की दुकानों और उनकी निर्माण इकाइयों पर जांच की। उन्होंने मिठाइयों की तैयारी के स्थान की भी जांच की और खाद्य सुरक्षा टीम को उत्पादों के नमूने लेने को कहा। इस बीच, उपायुक्त विशेष सारंगल ने कहा कि दिवाली तक दुकानों की जांच जारी रहेगी और लोगों को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां सुनिश्चित करने के लिए अचानक नमूने लिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान से लोगों में विश्वास की भावना पैदा होगी कि उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ उत्पाद मिल रहे हैं। लोगों को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की बुनियादी जिम्मेदारी है और यह सुनिश्चित करने के लिये हर कदम उठाया जाएगा कि लोगों को शुद्ध खाद्य उत्पाद मिलें।

### तेलंगाना के मंत्री के टी रामाराव घायल

निज़ामाबाद । तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री के टी रामाराव गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में मामूली रूप से घायल हो गये। यह घटना तब हुयी जब चुनाव प्रचार वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया और वाहन की रेलिंग टूट गयी, जिस पर श्री रामाराव और अन्य लोग खड़े थे। पुलिस के मुताबिक, विधायक प्रत्याशी जीवन रेड्डी ने अपने नामांकन के मौके पर एक रैली का आयोजन किया था। प्रचार वाहन में उम्मीदवार जीवन रेड्डी, रामाराव सुरेश रेड्डी, सांसद और अन्य प्रमुख नेता थे। गाड़ी के सामने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नेताओं को देखते हुये चालक सावधानी से आगे बढ़ रहा था। कार्यकर्ताओं के सामने वाहन से टकराने के कारण चालक को अचानक ब्रेक लगाना पड़ा। अचानक रुकने से वाहन की ऊपरी ग्रिल उखड़ गयी, जिससे रामाराव , जीवन रेड्डी और सुरेश रेड्डी को मामूली चोटें आयीं। रामाराव और सुरेश रेड्डी ने बताया कि यह दुर्घटना अचानक ब्रेक लगाने के कारण हुई, वे सुरक्षित रूप से उतर गये थे और किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आयी। रामाराव ने उनके स्वास्थ्य के बारे में उनके समर्थकों और पार्टी सदस्यों की चिंताओं के लिये आभार व्यक्त किया। दुर्घटना के बाद, श्री रामाराव नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के तुरंत बाद कोडंगल में एक रोड शो के लिये रवाना हो गये।

## ग़ैर-संजीदगी, जल्दबाजी ने कांग्रेस का बेड़ा गर्क किया : मान

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिन्दर सिंह राजा वड़िंग को 'झूठा' करार देते हुये उनकी गलत, घटिया और मनगढंत बयानों के द्वारा लोगों को गुमराह करने के लिये कड़ी निंदा की।

मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि राजा वड़िंग मीडिया के सामने वाह-वाही बटोरने के लिए तथ्यों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने राज्य के हितों की रक्षा के लिये उच्चतम न्यायालय में हलफ़नामा दायर किया है। हलफ़नामे का हवाला देते हुए मान



ने कहा कि राज्य सरकार ने हलफ़नामे में बताया है कि केंद्र सरकार द्वारा 40 सालों से दिये जा रहे प्रोत्साहन राज्य में धान की कृषि को अपनाने का कारण बना है, जिसके स्वरूप न्यूनतम समर्थन मूल्य के ज़रिये किसानों को लाभ दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हलफ़नामे में आगे लिखा गया है कि धान की बजाय अन्य फ़सलों की खेती करके फ़सलीय चक्र को तोड़ने और कृषि विविधता के लिये किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित बनाने के साथ-साथ और अधिक प्रोत्साहन मुहैया करवाया जायेगा, जिससे किसानों को अन्य फ़सलों की खेती करने के लिये प्रोत्साहित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विनती की थी कि किसानों को फ़सलीय चक्र में से निकालने के लिये एक टिकाऊ रणनीति की ज़रूरत होगी। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों को लागू करने से फसलों के अवशेष के प्रबंधन में काफ़ी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजा वड़िंग द्वारा अपने हितों के मुताबिक हलफनामे का हवाला दिया जा रहा है, जो कांग्रेसी विधायक के ग़ैर-संजीदा रवैये को दिखाता है। उन्होंने कहा कि राज्य कांग्रेस अध्यक्ष को याद रखना चाहिये कि बसों की संस्थाओं के लिये पत्र लिखने और उच्चतम न्यायालय में राज्य के हितों की रक्षा के लिये पत्र लिखने में बहुत ज़्यादा अंतर है। उन्होंने कहा कि इस ग़ैर-संजीदगी और जल्दबाजी ने कांग्रेस का बेड़ा गर्क किया है।

## उत्तराखंड में शुरू होगी मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह योजना : धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के 24वें स्थापना दिवस पर देहरादून में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में हुए मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनेक घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण में मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और महिलाएं हमारे राज्य की रीढ़ हैं। जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह योजना शुरू की जाएगी।



जिला स्तर पर इस तरह के आयोजन किए जाएंगे और राज्य सरकार इसकी व्यवस्था करेगी।

उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश की मातृशक्ति के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से हमने महिला नीति बनाई गई है, जिसको शीघ्र ही लागू किया जाएगा। देवभूमि के भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु बाल श्रम उन्मूलन के लिए समस्त विभागों के समन्वय के साथ एक विशिष्ट कार्ययोजना बनाई जाएगी। ड्रग फ्री उत्तराखंड के स्वप्न को साकार करने के लिए हम नशा मुक्त ग्राम और नशा मुक्त शहर की योजना लाएं हैं, ऐसे क्षेत्रों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा।

इससे पहले, राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए श्री धामी ने कहा कि इस पावन अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न परम श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का भी स्मरण करना आवश्यक है, जिनके प्रधानमंत्रित्व काल में उत्तराखंड राज्य का स्वप्न साकार हुआ था। यह हमारा कर्तव्य है कि स्वर्गीय अटल जी द्वारा पुष्पित और पल्लवित इस युवा उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ निरंतर प्रयासरत रहें।

उन्होंने श्रीमती मुर्मु का स्वागत करते हुए कहा कि आदरणीय राष्ट्रपति जी का अत्यंत कठिन जीवन संघर्ष, आपका अदम्य साहस और प्रेरणास्पद राजनीतिक यात्रा प्रत्येक भारतीय को प्रेरित करती है।

### अभिषेक ने ईडी को दस्तावेज सौंपे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में कथित शिक्षक भर्ती घोटाले में धन के लेन-देन की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने 6000 पन्नों का एक दस्तावेज सौंपा है। अभिषेक ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि डायमंड हार्बर लोकसभा सदस्य और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक सुबह करीब 11 बजे साल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में ईडी कार्यालय पहुंचे। अभिषेक दोपहर 12: 10 बजे के आसपास संघीय एजेंसी के कार्यालय से चले गए। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैंने ईडी अधिकारियों को आश्वासन दिया है कि जब भी उन्हें बुलाया जाएगा, वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे। सूत्रों ने कहा कि कई टीएमसी नेताओं की गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर अभिषेक का नाम सामने आने के बाद एजेंसी ने उनसे अपनी आय के ज्ञात स्त्रोतों के बारे में विस्तृत जानकारी देने को कहा था।

### राष्ट्रपति ने मन्दिर का लोकार्पण किया



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया एवं राजभवन में नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने राजप्रज्ञेश्वर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख, समृद्धि और लोक कल्याण की कामना की। राजभवन स्थित राजप्रज्ञेश्वर शिव मंदिर परिसर में रॉक गार्डन तैयार किया गया है, जिसमें पिथौरागढ़ स्थित ऊँ पर्वत की प्रतिकृति बनाई गई है। मंदिर परिसर के चारों ओर परिक्रमा पथ के रूप में एक्यूप्रेशर ट्रैक का भी निर्माण किया गया है। राष्ट्रपति ने नवनिर्मित परिसर में भ्रमण किया और सौंदर्यीकरण के कार्यों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि राजप्रज्ञेश्वर मंदिर मे स्थापित शिवलिंग हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित प्रज्ञेश्वर शिवलिंग के साथ मिले नौ शिवलिंग में से एक है। नर्मदा नदी में प्रज्ञेश्वर महादेव के साथ नौ अन्य शिवलिंग एक साथ मिले थे, जिन्हें पहले देव संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में रखा गया था। इन शिवलिंगों में से एक शिवलिंग अमेरिका के कै़लीफ़ॉर्निया और एक ह्यूस्टन में स्थापित किया जा चुका है। जबकि तीसरे शिवलिंग की स्थापना राजभवन में की गई है। मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, श्री गणेश, भगवान कार्तिकेय और नंदी जी की प्रतिमाएं विराजमान हैं। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), राज्यपाल की पत्नी गुरमीत कौर, सचिव रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, लोक

## शार्ट न्यूज

### सशस्त्र सीमा बल, भारत और सशस्त्र प्रहरी बल, नेपाल के बीच 7वीं वार्षिक समन्वय बैठक दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुई




नई दिल्ली। महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), भारत और महानिरीक्षक, सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ), नेपाल के बीच द्विपक्षीय सुरक्षा प्रयासों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता के साथ 7वीं वार्षिक समन्वय बैठक आज नई दिल्ली में संपन्न हुई। रश्मि शुक्ला, महानिदेशक, एसएसबी के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में एसएसबी, गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे। राजू आर्यल, महानिरीक्षक, एपीएफ के नेतृत्व में नेपाली प्रतिनिधिमंडल में एपीएफ, नेपाल पुलिस, राष्ट्रीय जांच विभाग, नेपाल और दिल्ली में नेपाल दूतावास के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक के दौरान भारत-नेपाल सीमा से संबंधित सुरक्षा परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा की गयी। दोनों पक्षों ने सर्वसम्मति से दोनों सुरक्षा बलों के बीच समन्वय और सहयोग को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त उपाय लागू करने का संकल्प लिया। सीमा पार अपराधों पर अंकुश लगाने, हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के साथ-साथ खुली और बिना बाड़ वाली भारत-नेपाल सीमा पर मानव तस्करी आदि से निपटने पर जोर दिया गया।

### कराला इलाके में सिलिंडर में धमाका, एक ही परिवार के पांच लोग हुए घायल

नई दिल्ली। कराला में बुधवार शाम एक मकान में संदिग्ध हालात में धमाका हो गया। इससे मकान की छत भरभराकर गिर गई। मलबे के नीचे दबकर एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से 60 फीसदी झुलसी महिला को सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि रसोई में सिलिंडर सुरक्षित मिला है। फोरेंसिक टीम ने जांच कर साक्ष्य जुटाए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि धमाका किस चीज में हुआ है। पुलिस घायलों से पूछताछ कर घटना के बारे में जानकारी हासिल कर रही है। घायलों की पहचान बबीता, साहिल, कुसुम, कंशिका और दीपिका के रूप में हुई। दमकल अधिकारियों ने बताया कि कुसुम 60 फीसदी झुलस गई है। डॉक्टरों ने उसे सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाका इतना जबरदस्त था कि करीब एक किलोमीटर तक इसकी आवाज सुनी गई। पुलिस लापरवाही का मामला दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रसोई में गैस सिलिंडर सही सलामत मिला है। आशंका है कि घर में अलग से कोई सिलिंडर रखा होगा जिसके लीक होने से धमाका हुआ है। एक कमरे का दरवाजा फटकर निकल गया था। इससे आशंका है कि कमरे में रखे सिलिंडर में धमाका हुआ है।

### पार्क में युवक को चाकू मारकर लूटपाट

नई दिल्ली। केशवपुरम इलाके में बदमाशों ने लूटपाट का विरोध करने पर एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। बदमाश युवक और उसके दोस्त से मोबाइल लूटकर फरार हो गए। घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को पकड़ लिया है। तीनों बदमाश नाबालिग हैं। पुलिस ने इनके पास से चाकू और दो फोन बरामद किए हैं। घायल युवक की पहचान वजीरपुर निवासी पीयूष के रूप में हुई है। पुलिस को दिए बयान में पीयूष ने बताया कि 5 नवंबर को वह अपने एक दोस्त के साथ केशवपुरम बी ब्लॉक के एक पार्क के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान पार्क में मौजूद तीन लड़कों ने उसे रोक लिया। तीनों लड़के उनसे मोबाइल छीनने लगे। पीयूष ने बदमाशों का विरोध किया और उनसे भिड़ गए। एक बदमाश ने चाकू निकाल कर पीयूष पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां तबीयत बिगड़ने के बाद उसे दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उस दिन वह बयान देने की हालत में नहीं था। अगले दिन पुलिस ने उसके बयान पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने तीन बदमाशों की पहचान कर उन्हें पकड़ा।

# ग्रेप चार के नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए जमीन पर उतरेंगे केजरीवाल सरकार के सभी मंत्री

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी ग्रेप-4 नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए सरकार के सभी मंत्री ज़मीन पर काम करेंगे।

दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए गोपाल राय ने गुरुवार को सभी मंत्रियों के साथ संयुक्त बैठक में पत्रकारों से कहा कि सीएक्यूएम द्वारा जारी ग्रेप-4 नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार के सभी मंत्री ज़मीन पर उतरेंगे। इस सन्दर्भ में मंत्रियों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौपीं गयी है।



पर्यावरण मंत्री गोपाल राय को उत्तर और उत्तर पूर्व जिला, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम जिला, राजस्व मंत्री आतिशी को पूर्व और दक्षिण पूर्व जिला, स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को दक्षिण और नयी दिल्ली जिला, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन को सेंट्रल और शाहदरा जिला और समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद को उत्तर पश्चिम जिले की जिम्मेदारी सौपीं गई है।

उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से दिल्ली में प्रदूषण का स्तर स्थिर बना हुआ है। पिछले 8-10 दिनों से उत्तर भारत में हवा की गति काफी धीमी और तापमान भी लगातार गिर रहा है। ऐसे में प्रदूषण के कण वायुमंडल में फैलने की बजाए निचले स्तर पर ही बने हुए है। इसलिए वाहन प्रदूषण, धूल प्रदूषण, बायोमास बर्निंग, पराली समेत जितने भी प्रदूषण के स्रोत हैं, उससे निपटने के लिए सीएक्यूएम ने ग्रेप-4 दिल्ली-एनसीआर में लागू कर रखा है। ग्रेप-4 के तहत दिल्ली में बीएस-3 के पेट्रोल वाहन, बीएस-4 के डीजन वाहन प्रतिबंधित है। साथ ही आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं को छोड़कर सभी प्रकार के ट्रकों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध है। इसी के साथ दिल्ली के अंदर सभी प्रकार के निर्माण कार्य चाहें वह सरकारी हो या निजी पूरी तरह से बंद है। गोपाल राय ने कहा कि कई दिनों से यह खबर आ रही थी कि दिल्ली में ग्रेप-4 के नियमों का कड़ाई से पालन नहीं हो रहा है और निर्माण कार्य तथा अन्य गतिविधियां लगातार चल रही हैं। इस लापरवाही और उदासीनता को दूर करने के लिए हमने निर्णय लिया है कि सभी मंत्री ज़मीन पर उतरेंगे और ग्रेप-4 नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाएंगे।

# सेंधमार के साथ गहने खरीदने वाला ज्वेलर भी गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका जिला पुलिस ने घरों में सेंधमारी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर एक ज्वेलर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लाखों रुपये के गहने बरामद किए हैं, जिसे बदमाश ने चार घरों से चोरी किया था। आरोपी पालम थाने का घोषित बदमाश है और उस पर लूटपाट, स्नेचिंग, सेंधमारी, वाहन चोरी और शस्त्र अधिनियम के तहत 14 मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने बदमाश की गिरफ्तारी से चार मामले सुलझाने का दावा किया है। बदमाश की पहचान पालम कॉलोनी निवासी रोहित और खरीदार की पहचान नांगलोई चंचल पार्क निवासी विष्णु के रूप में हुई है। 15 अक्तूबर को पुलिस को द्वारका सेक्टर 23 इलाके में एक मकान में चोरी की सूचना मिली।

पीड़ित परिवार ने बताया कि बदमाश उनके कमरे के दरवाजे को बाहर से बंदकर घर से तीन लाख रुपये, तीन फोन और लाखों के गहने लेकर फरार हो गए। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया। द्वारका जिला सेंधमारी निरोधक शाखा की टीम निरीक्षक विवेक मंडोला के नेतृत्व में मामले की जांच शुरू की। फुटेज में दो बदमाशों को दरवाजा तोड़कर घर में घुसते हुए देखा गया। मुखबिरों के जरिए एक बदमाश की पहचान पालम निवासी रोहित के रूप में हुई। पुलिस की दबिश बढ़ते ही बदमाश फरार हो गया।

# ग्रेनो में कंपनियों में चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की कासना थाना पुलिस ने 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। यह चोर कंपनियों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने इन चोरों के कब्जे से 1 टूटी हुई तिजोरी, चोरी के 6 लैपटॉप, 5 मॉनीटर मय कीबोर्ड, 1 एलईडी टीवी और 12,100 रुपए बरामद किए हैं।

8 नवम्बर को इकोटेक-1 के प्लाट नम्बर 10 में स्थित शीहोन ली कम्पनी के अकाउंट मैनेजर ने थाना कासना पर आकर शिकायत दी कि कुछ चोरों द्वारा कंपनी की तिजोरी, जिसमें करीब 21,000 रुपए और 5 मॉनीटर, 5 कीबोर्ड, 6 लैपटॉप थे और एक एलईडी को चोरी कर ले गए। अकाउंट मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया और चोरों की तलाश करने के लिए टीम बनाई गई।

इसके बाद कासना पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से इस घटना का खुलासा करते हुए तीन चोरों को बीएसएम कम्पनी के पास से गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने इटावा निवासी आकाश, अमरोहा निवासी विकास और बुलंदशहर निवासी योगेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने सुरजेवाला को दी गिरफ्तारी से राहत

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस महासचिव नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को 23 साल पुराने कथित हिंसक विरोध प्रदर्शन मामले में राहत देते हुए उत्तर प्रदेश के वाराणसी की एक की ओर से उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) पर गुरुवार को पांच सप्ताह के लिए रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुरजेवाला द्वारा दायर एक रिट यचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद अपना यह आदेश पारित किया।



पीठ ने वरिष्ठ नेता सुरजेवाला को एनबीडब्ल्यू रद्द करने के लिए वाराणसी अदालत में पेश होने के वास्ते चार सप्ताह का समय दिया।

याचिकाकर्ता के वकील सिंघवी शीर्ष अदालत से अपील करते हुए कहा कि 23 साल पहले हुई एक घटना के लिए एक प्रमुख राजनीतिक दल के सचिव के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया गया है। पीठ ने उनसे पूछा, आप यहां क्यों आये आपको उच्च न्यायालय जाना चाहिए। इस पर सिंघवी ने कहा कि वह उच्च न्यायालय गए थे, लेकिन उन्होंने कोई आदेश पारित नहीं किया और तत्काल उल्लेख करने से इनकार कर दिया गया। वरिष्ठ वकील ने यह भी दलील दी कि भले ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत याचिकाकर्ता द्वारा दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया हो, नामित अदालत द्वारा एनबीडब्ल्यू जारी किया गया।

अक्टूबर में उच्च न्यायालय ने आदेश सुरक्षित रख लिया और सात नवंबर को उनके मुवक्किल के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया गया और वह उच्च न्यायालय गए लेकिन उच्च न्यायालय ने न तो उल्लेख करने की अनुमति दी और न ही सूचीबद्ध करने की। शीर्ष अदालत के समक्ष सिंघवी ने कहा कि यह वर्ष 2000 का मुकदमा है, क्योंकि कथित राजनीतिक आंदोलन में याचिकाकर्ता एक युवा कांग्रेस नेता के रूप में शामिल हुए थे।

शीर्ष अदालत ने सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद कहा कि सुरजेवाला विशेष अदालत के समक्ष पेश होकर एनबीडब्ल्यू रद्द करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। अदालत ने याचिकाकर्ता को चार सप्ताह की अवधि के भीतर ट्रायल कोर्ट के समक्ष एनबीडब्ल्यू रद्द करने के लिए एक आवेदन दायर करने की छूट दी।

# पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय श्री के. आर नारायणन की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

## विलक्षण प्रतिभा के धनी थे श्री के.आर नारायणन: दयानंद वत्स भारतीय

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय श्री के.आर नारायणन की 18वीं पुण्यतिथि पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि श्री नारायणन विलक्षण प्रतिभा के धनी राजनयिक, शिक्षाविद्, पत्रकार और राजनीतिज्ञ थे। श्री नारायणन भारतीय विदेश सेवा में थे। वे अमेरिका, चीन, यूके, तुर्की और थाइलैंड में भारत के



राजदूत भी रहे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के कहने पर वह राजनीति में आए और तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। वह केंद्रीय मंत्री मंडल के भी सदस्य रहे। उसके बाद श्री नारायणन देश के उप-राष्ट्रपति और बाद में राष्ट्रपति बने। इससे पहले उन्होंने पत्रकार के रूप में द हिंदू और टाइम्स आफ इंडिया समाचार पत्रों में भी कार्य किया। वत्स ने कहा कि वे बेहद विनम्र, सादगी पसंद और अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व के धनी विद्वान राष्ट्रपति थे। उनकी मधुर स्मृतियों को स्मरण करते हुए वत्स ने कहा कि उन्हें कई बार श्री नारायणन से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

जब वह उप-राष्ट्रपति थे तब भी और जब राष्ट्रपति बने तब भी। मेरे संपादन में प्रकाशित नेशनल मीडिया नेटवर्क समाचार पत्र का विमोचन भी उनके ही कर- कमलों से हुआ था। वत्स ने कहा कि स्वर्गीय श्री के आर नारायणन केरल के एक सामान्य गरीब दलित परिवार में पैदा हुए और देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचे।

### रील बनवाने वाले एसएचओ लाइन हाजिर

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-126 थाने एसएचओ अजय चाहर को रील बनाने की सजा मिली, उनको लाइन हाजिर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर उनका एक मिनट 50 सेकंड का वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में भाईचारा तगड़ा सिस्टम आर पार का गाने पर शूट किया गया है। इस वीडियो में अजय पुलिस निरीक्षक भूमिका में थे। ये वीडियो एक फार्म हाउस में शूट किया गया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। उन्होंने विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। दरअसल, इस वीडियो में जाति आधारित एक गाने के लिए शूटिंग की गई है। गाना रिलीज होने के बाद से वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# नरेला में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैटों की बुकिंग शुरू

नई दिल्ली। डीडीए ने नरेला स्थित ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैटों की पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना के तहत बुकिंग शुरू की। डीडीए ने इस योजना में 265 अतिरिक्त ईडब्ल्यूएस फ्लैट शामिल किए हैं। इन फ्लैटों की बृहस्पतिवार से बुकिंग आरंभ हो गई है। एक कमरे वाले ईडब्ल्यूएस के एक फ्लैट का बुकिंग शुल्क 50 हजार रुपये तय किया गया है। इन ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की कीमत 10.92 लाख रुपये से लेकर 12.54 लाख है।

डीडीए ने 30 जून को निकाली पहले आओ पहले पाओ आवासीय योजना में नरेला के सेक्टर-ए1 से ए4 में एक कमरे के 777 फ्लैट शामिल किए गए थे। यह सभी फ्लैट बिकने के मद्देनजर डीडीए ने इस योजना में अन्य 265 फ्लैट शामिल करने का निर्णय लिया। यह फ्लैट वर्षों पहले बनाए गए थे और इनको बेचने के लिए कई बार आवासीय योजना में शामिल किया गया, लेकिन यह फ्लैट लोगों को पसंद नहीं आए। बताया जाता है कि ड्रा में ये फ्लैट बेच दिए गए थे, लेकिन लोगों ने इन फ्लैटों को वापस लौटा दिया। इस कारण ये फ्लैट खाली पड़े हुए हैं।

डीडीए के अनुसार, पहले आओ पहले पाओ योजना में नरेला के फ्लैट खरीदने में लोगों की रुचि लेने और यहां पर फ्लैट खरीदने की मांग को देखते हुए उसने योजना में नए ईडब्ल्यूएस फ्लैटों को शामिल करने का निर्णय लिया है। इन फ्लैटों की बुकिंग शुरू हो चुकी है।

# हिंदी अकादमी दिल्ली और हंसराज कॉलेज द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया








नई दिल्ली। हिंदी अकादमी दिल्ली और हंसराज कॉलेज द्वारा 08. 11.23 को एक कवि सम्मेलन का आयोजन महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में किया गया।

हंसराज महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रमा के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे श्री जे.पी. पांडे निदेशक शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार और विशिष्ट अतिथि के रूप में ऋषि कुमार शर्मा उपसचिव हिंदी अकादमी दिल्ली और विनोद शर्मा विवेक इंद्रप्रस्थ अध्ययन केंद्र दिल्ली उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कवि श्री दीक्षित दनकौरी, श्री चरणजीत चरण, विनीत पांडे, दीपक गुप्ता और दिनेश शर्मा ने अपनी कविताओं से सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

महाविद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने इस कवि सम्मेलन का आनंद लिया और अपनी तालियों से कवियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए जेपी पांडे ने कहा की कविता साहित्य की चेतन को जाग्रत करती रहती है और कविता, श्रोताओं से शीघ्र जुड़ जाती है। ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि कवि और कविता ने हमेशा समाज को राह दिखाने का काम किया है।

हिंदी अकादमी की सभी योजनाएं हिंदी भाषा की वृद्धि के लिए है इसलिए जब भी कोई हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए कार्य करता है तो हिंदी अकादमी हमेशा उसका सहयोग करती है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रमा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रवि कुमार गोंड़ और समन्वयक डॉ. आर. सी. गर्ग, श्री नरेंद्र सिंह रावत और छात्र अध्यक्ष दिवेश थे।

### ठक-ठक गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में कारों के शीशे तोड़कर लैपटॉप व अन्य कीमती सामान चोरी करने वाले ठक-ठक गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 21 लैपटॉप, 03 लैपटॉप चार्जर, 01 चोरी का आई कार्ड और 2 गुलेल और 9 स्टील की गोलियां मिली है। ये लोग तीन महीने पहले ही एक्टिव हुए थे। तीन महीने में 11 से ज्यादा घटनाओं को अंजाम दिया गया। एडीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि सेक्टर-113 पुलिस द्वारा एफएनजी रोड पर आठ नवंबर को चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस टीम ने इन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान पप्पू यादव पुत्र सुनील यादव व बिट्टू कुमार उर्फ मानव पुत्र साधूलाल हुई है।

# मेवाड़ में दीवाली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित

## मेवाड़ के सहायक स्टाफ को समर्पित रहा दीपावली मिलन समारोह

**गाजियाबाद।** इस बार भी मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ऑडिटोरियम में दीवाली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस बार भी दीपावली समारोह मेवाड़ के सहायक स्टाफ को समर्पित रहा। इस अवसर पर सभी वर्ग के तबके को सम्मानित किया गया। समारोह में मेवाड़ परिवार के सदस्यों ने कविताओं, एकल व समूह नृत्य, चुटकुले आदि कार्यक्रमों से चार चांद लगा दिए। अपने सम्बोधन में मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने दीवाली की सबको बधाई दी और कहा कि हम दीवाली धूमधाम से मनाएं। यह ऐसा उत्सव है जिसमें खुशियां हरेक के दरवाजे पर जाती हैं। शिक्षा भी अंधेरे से उजाले की





ओर ले जाती है। हम शिक्षक अपने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने विद्यार्थियों को भी ज्ञान का उजाला बांटें।

उन्होंने कहा कि हम साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। अपना घर ही नहीं अपना आस-पड़ोस भी साफ सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है। मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस के महासचिव अशोक कुमार सिंघल ने कहा कि दीवाली हमारा अपना पर्व है। यह हमें भाईचारा, प्रेम व अंधेरे को रोशनी से भरने की प्रेरणा देता है। साथ ही उन्होंने रामचरित मानस के उदाहरण प्रस्तुत कर समाज में समरसता और आत्मविश्वास बढ़ाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि हम ऑनलाइन खरीदारी बिल्कुल न कर छोटे व्यापारियों और फेरी-पटरी वालों से सामान खरीदें ताकि वे भी दीपावली पर्व खुशी से मना सकें। हमें इन सभी बातों को संकल्प के रूप में अपनाना होगा। मेवाड़ की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी को दीवाली की शुभकामनाएं दीं और अपनी एक कविता सुनाई। समारोह का संचालन अमित पाराशर और रंजना मिश्रा ने किया। तत्पश्चात मेवाड़ परिवार के सभी सदस्य लक्ष्मी पूजन में शामिल हुए।

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय और हिरोशिमा विश्वविद्यालय, जापान के बीच हुआ एमओयू

**नई दिल्ली।** वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय और हिरोशिमा विश्वविद्यालय, जापान के बीच एक एमओयू दिल्ली विश्वविद्यालय में गुरुवार को हुआ।

इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डॉ. विकास गुप्ता और हिरोशिमा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के तौर पर वहाँ के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रोफेसर शिन्जी कानेको ने दस्तावेजों का आदान प्रदान किया।



इस अवसर पर डॉ. विकास गुप्ता ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों विश्वविद्यालयों के बीच मित्रता की भावना से, पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग स्थापित करना है। डॉ. विकास गुप्ता ने बताया कि इस एमओयू के तहत दोनों संस्थान आपस में मिलकर संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने, संकाय सदस्यों और शैक्षणिक कर्मचारियों तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के आदान-प्रदान और अनुसंधान परिणामों, अकादमिक प्रकाशनों एवं अन्य शैक्षणिक सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे।

इनके अलावा दोनों विश्वविद्यालयों द्वारा मिलकर काम करते हुए उपयुक्त माने गए अन्य अकादमिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम होंगे।

उन्होंने बताया कि यह समझौता ज्ञापन पांच साल तक प्रभावी रहेगा। उपलब्धियों के आकलन और चल रही प्रासंगिकता के आधार पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इस एमओयू का नवीनीकरण किया जा सकेगा।

इस अवसर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. के. रत्नाबली, डीयू रिसर्च काउंसिल की चेयरपर्सन प्रो. दमन सलूजा और इंटरनेशनल रिलेशन्स के चेयरपर्सन प्रोफेसर चंद्रशेखर सहित दोनों विश्वविद्यालयों के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## ट्राइ ने की नई पहल

आज किसी भी सामान की खरीदारी करने, सिनेमा देखने या किसी सेवा का उपयोग करते हुए ज्यादातर जगहों पर गैरजरूरी तरीके से भी मोबाइल नंबर मांगा जाता है। यही वजह है कि आज भी लोगों के फोन पर अवांछित काल या संदेश आने बंद नहीं हुए हैं और लोग इसकी शिकायत करते हुए पाए जाते हैं।

पहले एक सुविधा और अब जरूरत के तौर पर मोबाइल फोन ज्यादातर लोगों के पास है। इसके तमाम फायदे भी हुए हैं। लेकिन इसके समांतर एक बड़ी समस्या यह खड़ी हुई कि व्यक्ति के निजी मोबाइल पर ऐसे संदेश और फोन काल भी आने लगे, जिससे उसका कोई वास्ता नहीं होता। ऐसे काल या संदेश कई बार लोगों को परेशान कर देते हैं और उनके भीतर झल्लाहट भी पैदा होने लगती है।

इसे रोकने के लिए समय-समय पर कुछ कदम उठाए गए, तकनीकी उपाय भी निकाले गए। लेकिन संगठित रूप से इसका कारोबार करने वाली कंपनियों या समूहों ने उससे अलग कोई नया तरीका निकाल लिया। दरअसल, तेजी से तकनीकी पर निर्भर होते समाज में लोगों के फोन नंबर और उनका ब्योरा हासिल करने के लिए अलग-अलग बहाने पेश कर दिए जाते हैं।

आज किसी भी सामान की खरीदारी करने, सिनेमा देखने या किसी सेवा का उपयोग करते हुए ज्यादातर जगहों पर गैरजरूरी तरीके से भी मोबाइल नंबर मांगा जाता है। यही वजह है कि आज भी लोगों के फोन पर अवांछित काल या संदेश आने बंद नहीं हुए हैं और लोग इसकी शिकायत करते हुए पाए जाते हैं।

अब भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण यानी ट्राइ ने एक बार फिर अवांछित संदेश और फोन काल से छुटकारा दिलाने के लिए नई पहल की है। इसके तहत वाणिज्यिक संचार के लिहाज से प्रमुख संस्थाओं में उपभोक्ताओं की सहमति को डिजिटल रूप में पंजीकृत करने के लिए ट्राइ ने एक मंच विकसित करने का निर्देश दिया है।

सामान्य तौर पर ग्राहकों से हासिल की गई सहमति को संस्थानों के जरिए संभाल कर रखा जाता है, लेकिन इसके लिए कोई एक मंच नहीं होने की वजह से उनकी सत्यता की जांच में मुश्किलें पेश आती हैं। समस्या यह है कि वाणिज्यिक संचार के मकसद से इस तरह की गतिविधियों के लिए अगर उपभोक्ताओं से सहमति ली भी जाती है तो उसमें वैसी बातें विस्तार से नहीं बताई और समझाई जातीं, जो व्यक्ति के लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं।

इसलिए अगर ट्राइ के निर्देश के तहत उपभोक्ताओं के हित में कोई एक मंच तैयार किया जाता है तो उसमें शर्तों या नियमों को लेकर पूरी तरह स्पष्टता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि लोग उसके नफा-नुकसान को आसानी से समझ सकें, उनके निजी ब्योरे का बेजा इस्तेमाल न हो।

हालत यह है कि निजी मोबाइल नंबर भी कुछ वाणिज्यिक कंपनियों के पास पहुंच जाते हैं और फिर अक्सर लोगों को फोन पर किसी कारोबार के लुभावने प्रस्ताव में फंसाने की कोशिश की जाती है या उससे संबंधित संदेश भेजे जाते हैं। ऐसा करते समय यह ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि व्यक्ति किस परिस्थिति में है। जबकि ऐसे ज्यादातर काल निजी कंपनियों की ओर से किसी वस्तु या व्यवसाय के प्रचार-प्रसार के लिए किए जाते हैं या फिर किसी बैंकिंग योजना में ऋण का आकर्षक और फायदेमंद प्रस्ताव देकर व्यक्ति को उसमें उलझाने के लिए। बहुत सारे वैसे लोग इस तरह की बातें या संदेश के प्रभाव में फंस भी जाते हैं और इसका पता उन्हें तब चलता है जब बाद में उन्हें किसी खास योजना में 'शर्तें लागू' की नियमावली को बताते हुए अप्रत्याशित रकम की मांग की जाती है। लगभग तेरह साल पहले 2011 में ट्राइ ने 'डू नाट डिस्टर्ब' सुविधा की शुरुआत की थी, जिसके तहत लोगों को अवांछित संदेशों और फोन काल से छुटकारा मिलने का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद आज भी यह समस्या कायम है। तकनीक की सुविधा के साथ यह जरूरी है कि इसे परेशानी का कारण बनने से बचाया जाए।

## नीतीश कुमार का विधानसभा में अमर्यादित बयान शर्मसार करने वाला

बिहार में नीतीश कुमार को शिक्षा और नौकरियों के क्षेत्र में महिलाओं के लिए विशेष अवसर सृजित करने और भागीदारी का अनुपात बढ़ाने के लिए भी जाना जाता है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में दिए गए अपने एक अमर्यादित बयान के लिए माफी मांग ली है, लेकिन उनके मुंह से जो बात निकली, वह किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को परेशान करने वाली है। यह इसलिए ज्यादा गंभीर है कि वे किसी अनौपचारिक बैठक में अपनी बात नहीं कह रहे थे, बल्कि विधानसभा में सदन को संबोधित कर रहे थे।

हालांकि अगर कोई व्यक्ति संवेदनशील और सचेत है, तो वह किसी भी जगह अपनी बोली को बेलगाम नहीं होने देगा, बल्कि इसे अपने व्यक्तित्व की सहज अभिव्यक्ति में समाहित करेगा। मगर नीतीश कुमार ने इसका ध्यान रखना तब भी जरूरी नहीं समझा, जब वे बाकायदा मुख्यमंत्री के रूप में सदन में बोल रहे थे। गौरतलब है कि मंगलवार को उन्होंने जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए महिलाओं के बीच शिक्षा के महत्त्व पर जोर देते हुए विधानसभा में एक विवरण रखा कि कैसे एक शिक्षित महिला प्रजनन दर कम करने और जनसंख्या नियंत्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह एक सकारात्मक पक्ष है, जिसकी अपनी अहमियत है। मगर इसके महत्त्व को दर्ज करते हुए उन्होंने जिस भाषा का प्रयोग किया, वह पूरी तरह अवांछित और अनपेक्षित था। इसे एक तरह से मर्यादा को ताक पर रखना कहा जा सकता है। यह बेवजह नहीं है कि सदन में उपस्थित सदस्यों सहित इस बयान को सुनने वाले सभी व्यक्ति को उनकी यह बात बेहद अमर्यादित और अपमानित करने वाली लगी और इसके विरुद्ध आक्रोश उभरा। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की। विपक्षी दलों की ओर से स्वाभाविक ही नीतीश कुमार के बयान को लेकर तीखा विरोध किया गया और माफी की मांग की गई।

हालांकि मामले के तूल पकड़ने के बाद नीतीश कुमार ने जिस तरह अपने बयान के लिए माफी मांगी, उससे समझा जा सकता है कि उन्हें अपनी गलती का अहसास है, लेकिन इससे यही जाहिर हुआ है कि किसी जरूरी बात को कहने के लिए अगर भाषा और शब्दों का चुनाव उचित नहीं है, तो वह बात न सिर्फ अपना अर्थ खो दे सकती है, बल्कि अपने संदर्भ के विपरीत नतीजे भी दे सकती है। नीतीश कुमार के बयान को इसी आलोक में देखा जा सकता है। खासतौर पर इसलिए भी कि विधानसभा ऐसी जगह होती है, जहां एक-एक शब्द बोलते हुए कानून से लेकर समाज तक के हर पहलू का ध्यान रखना पड़ता है। ऐसे अनेक मौके आते हैं जब विधानसभा या किसी भी सदन में जब कोई जनप्रतिनिधि बेलगाम या अवांछित भाषा का प्रयोग करता है तो उस पर आपत्ति दर्ज की जाती है, उसे सदन की कार्रवाई से हटा भी दिया जाता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि शिक्षा के प्रसार के साथ महिलाओं के बीच जागरूकता बढ़ी है, कई स्तरों पर उनका सशक्तीकरण हुआ है। समाज की गतिविधियों में उनकी भूमिका का विस्तार हुआ है और परिवार के महत्त्वपूर्ण फैसलों में भी उनका दखल बढ़ा है। महिलाओं की काबिलियत और उपलब्धियों को दर्ज किया जाना चाहिए।

मगर ऐसा करते हुए अगर अवांछित शब्दों का प्रयोग किया जाता है तो यह एक तरह से महिलाओं को अपमानित करने के तौर पर ही देखा जाएगा। बिहार में नीतीश कुमार को शिक्षा और नौकरियों के क्षेत्र में महिलाओं के लिए विशेष अवसर सृजित करने और भागीदारी का अनुपात बढ़ाने के लिए भी जाना जाता है। आमतौर पर उन्हें एक सौम्य, संतुलित और संवेदनशील व्यक्ति के रूप में ही देखा जाता है और उनसे उनके प्रचारित व्यक्तित्व के अनुरूप ही विचार और व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। यह हैरानी की बात है कि महिलाओं के बीच शिक्षा के महत्त्व को दर्ज करते हुए उन्होंने बोली में सलीके का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा।

धनतेरस- 10 नवम्बर, 2023

# गुणात्मक समृद्धि की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस



-ललित गर्ग-

दीपावली से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। यही कारण है कि इस दिन बर्तन खरीदे जाते हैं। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, धन संपदा की देवी मां लक्ष्मी धनतेरस के दिन ही समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुईं थीं इसीलिए ऐसा माना जाता है कि इस दिन सोना-चांदी घर लाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है, घर में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आती है और अच्छा भाग्य भी घर लाते हैं। सोना खरीदने से बुरी शक्तियां और नकारात्मक ऊर्जा घर से दूर होती है। कई परिवार इस दिन सोना-चांदी खरीदकर अपनी सैकड़ों साल पुरानी परंपरा का पालन करते हुए इस दिन दिव्यता एवं धन की देवी लक्ष्मी देवी की पूजा करते हैं।

धनतेरस धन की कामना का पर्व है। इस दृष्टि से यह अर्थव्यवस्था का पर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक् एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस तरह इस उत्सव में उपरोक्त तीनों प्रकार से लक्ष्मी की उपासना यानी धन एवं सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं।

हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म



विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है।

धनतेरस 'आयुर्वेद' का दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था।

भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जाएगी? ये कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है।

लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिए। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धनवर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ।

हमारी समृद्धि गुणात्मक हो, लेकिन समृद्धि के नाम पर पनप रहा नया नजरिया न केवल घातक है बल्कि मानव अस्तित्व पर खतरे का एक गंभीर संकेत भी है। साम्राज्यवाद की पीठ पर सवार पूंजीवाद ने जहां एक ओर अमीरी को बढ़ाया है तो वहीं दूसरी ओर गरीबी भी बढ़ती गई है। यह अमीरी और गरीबी का फासला कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है जिसके परिणामों के रूप में हम रूस-यूक्रेन, हमास-इजरायल युद्ध की विभीषिकाओं को, आतंकवाद को, सांप्रदायिकता, महंगाई, बेरोजगारी को देख सकते हैं, जिनकी निष्पत्तियां हैं समाज में हिंसा, नफरत, द्वेष, लोभ, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, रिश्ते में दरारें आदि। सर्वाधिक प्रभाव पर्यावरणीय असंतुलन एवं प्रदूषण के रूप में उभरा है। चंद हाथों में सिमटी समृद्धि की वजह से बड़े और तथाकथित संपन्न लोग ही नहीं बल्कि देश का एक बड़ा तबका मानवीयता से शून्य अपसंस्कृति का शिकार हो गया है। अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया। हिंसा, झूठ, चोरी, बलात्कार, संग्रह जैसे निषेधात्मक संस्कारों ने मनुष्य को पकड़ लिया। चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे। नीति और निष्ठा के केंद्र बदलने लगे। आस्था की नींव कमजोर पड़ने लगे।

धन के प्रति हमारा नजरिया विसंगतिपूर्ण है। इस प्रक्रिया में हमारा दीपावली एवं धनतेरस मनाना कहां सार्थक रह पाया है। क्योंकि सारी सामाजिक मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, मर्यादाओं को ताक पर रखकर कैसे भी धन एकत्र कर लेने को सफलता का मानक माने जाने लगा है जिससे राजनीति, साहित्य, कला, धर्म सभी को पैसे की तराजू पर तोला जाने लगा है। इस प्रवृत्ति के बड़े खतरनाक नतीजे सामने आ रहे हैं। समृद्धि की तथाकथित आधुनिक जीवनशैली ने जीवन मूल्यों के प्रति अनास्था को पनपाया है। समृद्धि के बदलते मायने तभी कल्याणकारी बन सकते हैं जब समृद्धि के साथ चरित्र निष्ठा और नैतिकता भी कायम रहे। शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि समृद्धि के रूप में प्राप्त साधनों का सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ उपयोग हो। संग्रह के साथ विसर्जन की चेतना जागे। पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो, भोग के साथ संयम भी जरूरी है। भले हमारे पास कार, कोठी और कुर्सी न हो लेकिन चारित्रिक गुणों की काबिलियत अवश्य हो क्योंकि इसी काबिलियत के बल पर हम अपने आपको महाशक्तिशाली बना सकेगे, तभी हमारा धनतेरस मनाना सार्थक होगा।

## हम अपनी खुशी या गम के जिम्मेदार खुद हैं



डॉ. नन्दकिशोर सा

पत्नी बड़ी मेहनत से खाना बनाती है, यह सोच कर कि शाम को पति आयेंगे और खाना खा कर उसकी तारीफ करेंगे?। वह कल्पना में कई बार यह दृश्य देख भी लेती है, लेकिन शाम को पति खाना खाते हैं और बिना कुछ बोले ही सोने चले जाते हैं। आपको इससे कष्ट पहुंचता है, क्योंकि आपने सोचा था कि पति तारीफ करेंगे, तो मुझे खुशी होगी। अब जब वो नहीं करते हैं, तो आप दुखी हो जाती हैं। हम ऑफिस में प्रेजेंटेशन देते हैं, सोचते हैं कि बॉस तारीफ करेंगे, तो मैं खुश हो जाऊंगा। लेकिन शाम को जब बॉस तारीफ नहीं करते, तो हम दुखी हो जाते हैं।

हम कोई नयी ड्रेस पहनते हैं और घर में सभी से उम्मीद करते हैं कि कोई इस नयी ड्रेस को नोटिस करे और हमारी, तारीफ करे। जब तीन-चार लोग तारीफ कर देते हैं, तो हम खुश हो जाते हैं और उनमें से कोई एक यदि उसकी बुराई कर दे, तो हम दुखी हो जाते हैं।

हमारी सारी परेशानियों की जड़ तुम हो, मेरे दुखों का कारण तुम ही हो या फिर तुम मेरी जिंदगी से चली जाओगी तो में दुखों से मर जाऊंगा। कई बार हम इस तरह की बातें करते हैं या लोग हमारे साथ इस तरह की बातें करते हैं, जब लोग हमें बार बार यह कहते हैं कि तुमने मुझे दुख दिया, तब हम भी खुद को गुनहगार मानने लगते हैं और इससे हमें काफी सदमा पहुंचता है, जबकि असल बात तो यह है कि कोई भी इनसान किसी को न दुख पहुंचा सकता है और न खुशी दे सकता है।

हर इनसान अपनी भावनाओं का जिम्मेवार खुद होता है। हम हैं, जो अपने दिमाग में विचारों को बनाते हैं, एक ही बात को बार-बार सोचते हैं, दूसरों की हरकतों में, उसकी बातों में खुशियां तलाशते हैं। इस तरह, आज हमारी छोटी-छोटी खुशियां भी दूसरों पर निर्भर हो गयी हैं।

हमें समझना होगा कि खुद को खुश रखने की जिम्मेवारी हमारी अपनी ही किसी और की नहीं। कई बार ऐसा होता है कि बॉस आपको बुला कर डांट देते है। बेवकूफ, उल्लू तक कह देते हैं और हमें इससे काफी कष्ट या दर्द होता है। बॉस तो गुस्से में यह सब बोल कर भूल जाते हैं, लेकिन हम विचारों को माला बुनते रहते हैं। हम उस दर्द को लंबे समय तक पकड़े रखते हैं। दरअसल हम जानते भी नहीं है कि हम जब चाहे उससे छुटकारा पा सकते हैं। हमने अपनी खुशी व गम का रिमोट कंट्रोल दूसरों के हाथों में दे दिया है, हमें वह कंट्रोल वापस अपने पास लेने की जरूरत है। तभी हम खुश रहेंगे। हमेशा याद रखें, आपकी इजाजत व इच्छा के बिना न कोई आपका अपमान कर सकता है, न कोई आपको दुख पहुंचा सकता है, न खुशी दे सकता है। दुख या सुख आपकी सोच पर निर्भर करता है।




# संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटरस की हमास के प्रति सहानुभूति के मायने

### हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियों गुटरस ने इजरायल गाजा बार्डर का दौरा किया



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियों गुटरस ने हाल ही में कुछ दिनों पहले इजरायल-हमास युद्ध के बीच रफा-गाजा बार्डर का दौरा किया था। इस दौरान यूएन के जनरल सेक्रेटरी एंटोनियों गुटरस ने इजरायल की ओर से गाजा पर किए जा रहें हमले पर भी अपनी चिंताएं व्यक्त की थीं। हालांकि एंटोनियों गुटरस ने कहा है कि, गाजा में आम नागरिकों के ऊपर इजरायली सेना की ओर से किया जा रहा हमला बंद होना चाहिए। लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहतें हुए जिस तरह से एंटोनियों गुटरस ने हाल ही में हमास के प्रति सहानुभूति दिखाई है, उससे तो कई सवाल उठने लाजिमी हैं। यहां पर आपको यह भी बताना जरूरी है कि, रफा-गाजा के बार्डर पर जाने के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा था कि, इजरायल की सेना गाजा में जो हमला कर रही है, उसमें गाजा के नागरिक भी मारे जा रहें हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि, आखिरकार संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियों गुटरस ने आतंकी संगठन हमास की एक बार भी निंदा क्यों नहीं की। जबकि युद्ध की शुरूआत इस बार हमास के द्वारा इजरायल पर किए गए हमले के बाद से हुई थी। नतीजतन ऐसे में एंटोनियों गुटरस का हमास के प्रति नरमी वाले बयान के कई अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मायने भी निकाले जा रहें हैं।

### कौन है एंटोनियों गुटरस ?

एंटोनियों गुटरस मौजूदा समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव पद पर कार्यरत हैं। लेकिन एंटोनियों गुटरस मूलत: एक राजनैतिक व्यक्ति हैं, जो पुर्तगाल के पूर्व प्रधानमंत्री भी रह चुकें हैं।

दरसअल गुटरस 28 अक्टूबर 1995 से लेकर 6 अप्रैल 2002 तक पुर्तगाल के प्रधानमंत्री भी रह चुकें हैं। इसके अलावा एंटोनियों गुटरस पुर्तगाल में प्रमुख राजनीतिक दल सोशलिस्ट पार्टी के नेता भी रह चुकें हैं। इसके साथ ही 15 जून 2005 से 31 दिसंबर 2015 तक एंटोनियों गुटरस संयुक्त राष्ट्र संघ में उच्चायुक्त के पद पर कार्यरत रहें थें। इस लिहाज से गुटरस पुर्तगाल में एक शक्तिशाली नेता होने के साथ साथ विश्व स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण व्यक्ति के तौर पर जाने जातें हैं। अब सबसे बड़ा सवाल है कि, जब एक ओर से अमेरिका, ब्रिटेन, भारत जैसे देश के हमास के विरोध में इजरायल के साथ पूरी दृढ़ता के साथ खड़े हैं तो संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव की ओर से इजरायल के विरोध में क्यों बयान दिया जा रहा है ?

### क्या संयुक्त राष्ट संघ पर है, इस्लामिक देशों का दबाव ?

दरअसल इजरायल-हमास युद्ध के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के मौजूदा महासचिव एंटोनियों गुटरस ने इजरायल के खिलाफ बयान दिया है। यूएन महासचिव ने इजरायल को गाजा पर हमले का दोषी ठहराया है, जिसके बाद इजरायल की सरकार काफी ज्यादा नाराज है। हाल ही में इजरायल सरकार की ओर से संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव के बयान की निंदा की गई है।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि, आखिरकार यूएन के महासचिव को इजरायल के विरोध में बयान देने की क्या जरूरत पड़ गई है। जबकि पूरी दुनिया को पता है कि, इस युद्ध हमास के आतंकी संगठन की पूरी गलती है। दरअसल संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य के रूप में दुनिया के कुल 193 देश है। इसमें से ज्यादातर इस्लामिक देश मसलन ईराक, ईरान, सीरिया, जार्डन, लेबनान, ईजिप्ट, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, सउदी अरब, दुबई, कतर जैसे देश शामिल है। ऐसे में यह कयास लगाए जा रहें हैं कि, शायद इजरायल और हमास के बीच चल रहें युद्ध के दौरान सभी इस्लामिक देशों ने यूएन के महासचिव के उपर दबाव बनाया हो कि, वह इजरायल के विरोध में अपना बयान जारी करें। दरअसल ऐसा होना इसलिए भी संभव है कि, बीते दिनों जबसे इजरायल और हमास के बीच युद्ध चल रहा है तब से ही दुनिया भर के देश दो धड़ों में बंटते हुए नजर आएं। नतीजतन ज्यादातर ईरान सीरिया और लेबनान के अलावा ज्यादातर देश फिलिस्तीन के समर्थन में खड़े दिखाई दिए। ऐसे में इस बात की पूरी संभावनाएं है कि, संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियों गुटरस ने शायद इस्लामिक देशों के दबाव में इजरायल को युद्ध के लिए दोषी ठहराने वाला बयान दिया हो।

क्योंकि एंटोनियों गुटरस ने अपने बयान में केवल इजरायल को ही गाजा पर हमले का दोषी ठहराया है। जबकि हमास की ओर से भी इजरायल पर काफी ज्यादा हमले किए गए थें। हमास युद्ध की ओर से इजरायल पर किए गए हमले का अंदाजा इसी बात से ही लगाया जा सकता है कि, हमास ने एक साथ ही एक दो नहीं अपितु पूरे पांच हजार राकेट लांचर इजरायल के उपर दागें थें। जानकारी के मुताबिक इजरायल पर हुए हमास के हमले में हजारों निर्दोष लोग मारे जा चुकें हैं।

### क्या यूएन जनरल सेक्रेटरी एंटोनियों गुटरस का बयान राजनीति से प्रेरित है ?

दरअसल यूएन जनरल सेक्रेटरी एंटोनियों गुटरस का बयान कहीं ना कहीं राजनीति से प्रेरित भी लग रहा है।

क्योंकि यदि अंतरराष्ट्रीय राजनीति को देखें तो इजरायल के खिलाफ ज्यादातर मुस्लिम देश खड़े हैं। इसके अलावा इजरायल के खिलाफ मुस्लिम देशों के बीच खड़े होने की दूसरी वजह से जेरूशलम विवाद का होना यहूदी ओर मुस्लिम धर्म को आमने सामने आता है।

लेकिन इजरायल के विरोध में इस्लामिक देशों का दूसरा सबसे बड़ा राजनीतिक कारण अमेरिका का इजरायल के पक्ष में रहना है। नतीजतन ज्यादातर इस्लामिक देश अमेरिका का विरोध करने की वजह से भी इजरायल का पुरजोर विरोध कर रहें हैं और हमास के समर्थन कर रहें हैं। इस लिहाज से यह भी कहा जा सकता है कि इस्लामिक देशों के दबाव में ही शायद संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियों गुटरस ने इजरायल के विरोध में अपना बयान दिया हो।

### पूर्व अमेरिकी राष्टपति बराक ओबामा ने भी युद्ध की निंदा की

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने इजरायल और हमास के युद्ध में गाजा के आम नागरिकों के मारे जाने पर अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। हालांकि अपने लेख में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ना तो इजरायल का पक्ष लिया है और ना ही फिलिस्तीन का पक्ष लिया है। लेकिन उन्होंने युद्ध को बंद होने की मांग की है।

हालांकि इजरायल पर हमास के हमले के बाद जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने इजरायल का समर्थन किया है, बराक ओबामा ने उसकी भी तारिफ की है। बराक ओबाम ने कहा कि हमास के हमले के विरोध में जो इजरायल की तरफ से हमला किया जा रहा है उसका परिणाम अच्छा नहीं होगा।

इस लिहाज से बराक ओबामा ने मुखर होकर इजरायल-हमास युद्ध में किसी को भी युद्ध के लिए सही नहीं ठहराया है।

गौरवशाली भारत

नई दिल्ली
शुक्रवार 10 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com


## शार्ट न्यूज

### बागपत: मिलावटी मावे की गाड़ी जब्त कर 5 कुंतल मावा कराया गया नष्ट

बागपत। उत्तर प्रदेश में बागपत के बड़ौत नगर में त्यौहारों के मद्देनजर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर खाद सुरक्षा विभाग व प्रशासनिक टीम ने गुरूववार को मावे से भरी एक गाड़ी को जब्त कर करीब पांच कुन्तल मिलावटी मावे को नष्ट कराया। जिला प्रशासन की ओर से जनपद में चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के तहत मावे में मिलावट करने वालों पर पिछले कई दिनों से बड़ी कार्रवाई की जा रही है, जिसके क्रम में आज प्रात: करीब 7 बजे उपजिलाधिकारी बड़ौत सुभाष सिंह व सहायक खाद सुरक्षा आयुक्त मानवेंद्र सिंह ने मुजफ्फरनगर से दिल्ली ले जा रहे मिलावटी मावे की गाड़ी को बड़ौत में औद्योगिक चौकी के पास पकड़ा। अधिकारियों के अनुसार, गाड़ी में करीब 5 कुंतल मावा था, जिसको मौके पर ही नष्ट कराया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है जो खाद्य सामग्री में मिलावट करेगा उन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनपद में कोई भी मिलावटी मिठाई विक्रय नहीं कर सकेगा। जिन गांवों में भी मावा बनाने की भट्टी लगी हुई है और मिलावटी मावा तैयार कर रहे हैं उन पर भी कार्रवाई के लिये अभियान चलाया जा रहा है, जिससे कि त्यौहार के दृष्टिगत आमजन को गुणवत्ता से परिपूर्ण खाद्य सामग्री प्राप्त हो सके।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

फतेहपुर। फतेहपुर में पति के साथ साइकिल पर बैठकर महिला दवा कराने गई थी। घर जाते समय रास्ते में पति-पत्नी पैदल चलने लगे तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिले के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के बगीचा गांव के रहने वाले राजकुमार अपनी पत्नी नीलू विश्वकर्मा (19) के साथ चौकी चौराहा दवा कराने के बाद घर वापस जा रहे थे। रास्ते में दोनों साइकिल से उतरकर पैदल चलने लगे तभी पीछे से तेज रफ्तार में बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद महिला पुलिस ने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया। अस्पताल के डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला के मौत की जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर चौकी चौराहा को जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। महिला के पति राजकुमार ने बताया कि पत्नी को दवा कराने साइकिल से दोपहर में आए थे और वापस जाते समय पत्नी पैदल चलने लगी और मैं पीछे पीछे चल रहा था, इसी दौरान बाइक सवार ने टक्कर मार दी। रोड जाम किए लोग मौके पर बड़े अधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े थे। करीब तीन घंटे से रोड जाम है।

### खादान में डूबने से 11वीं की छात्रा की मौत

झांसी। झांसी में ढिमरौनी गांव में गुरुवार को 11वीं कक्षा की छात्रा की खादान में डूबने से मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि छात्रा कपड़े धोने के लिए गई थी। एक घंटे बाद गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। बड़ागांव थाना क्षेत्र के ढिमरौनी गांव निवासी नीरज रजक मजदूरी करते हैं। उनकी इकलौती बेटी आशा (18) बड़ागांव के महंत लक्ष्मणदास कन्या इंटर कॉलेज में 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके चाचा नीलू का कहना है कि घर में साफ-सफाई होने की वजह से आशा आज स्कूल नहीं गई थी। सुबह करीब 11 बजे वह कपड़े धोने के लिए खादान पर गई थी। उसके साथ परिवार की दादी रामश्री भी थी। आशा को तैरना नहीं आता था, पैर फिसलने से आशा खादान में गिर गई और डूब गई। चाचा नीलू ने आगे बताया कि आशा के खादान में डूबने के बाद रामश्री दौड़ते हुए घर पहुंची और घटना की जानकारी दी। तब घरवाले और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। खादान करीब 30 फीट गहरी थी। ऐसे में गोताखोरों ने खादान में छात्रा को तलाश किया। करीब एक घंटे बाद आशा को बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे झांसी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आशा की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया।

### संभल में युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड किया

संभल। संभल में पेड़ से युवक का शव फांसी पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद युवक के परिजन मौके पर पहुंचे वहीं सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, पुलिस ने पेड़ से लड़के युवक को नीचे उतरा और उसके शव को पीएम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पेड़ से फांसी के फंदे पर लटक कर युवक द्वारा आत्महत्या करने का पूरा मामला जनपद संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव रमपुरा रायपुर के जंगल का है। पेड़ से युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने के बाद युवक के परिजन सहित ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। गांव में हुई इस घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पेड़ से फाँसी पर लटक रहे युवक के शव को नीचे उतर कर पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लिया। थाना पुलिस ने पेड़ से फांसी के फंदे पर लटक रहे युवक की पहचान गांव के ही गिरिराज के रूप में की है, पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर उसके शव को पीएम के लिए भेज दिया, वहीं युवक द्वारा पेड़ से फाँसी लगाकर आत्महत्या करने की घटना से उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### सड़क हादसे में युवती की मौत, महिला घायल

**बस्ती।** बस्ती में हर्रैया कोतवाली इलाके में हाईवे पर स्कूल बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसके चलते स्कूटी चला रही युवती की मौत हो गई और पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल महिला का इलाज सीएचसी हर्रैया पर चल रहा है। मृतका के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। किशोरी भाई कन्हैया लाल ने बताया कि उनकी बहन सीमा दिवाली की खरीदारी करने के लिए गांव की महिला सरिता के साथ स्कूटी लेकर निकली थी। संसारीपुर के पास एक स्कूल बस ने उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे उनकी बहन व स्कूटी पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सीएचसी हर्रैया ले गई। जहां चिकित्सक ने उनकी बहन सीमा को मृत घोषित कर दिया। जबकि गांव की महिला का इलाज चल रहा है। घटना के बाद स्कूल बस चालक बस छोड़ मौके से फरार हो गया, बस में लगभग 30 बच्चे सवार थे। जिन्हें पुलिस ने उनके घर पहुंचाया। पुलिस के अनुसार बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित है। बस चालक की तलाश की जा रही है। सीओ शेषमणि उपाध्याय ने कहा कि सूचना मिलने पर दोनों घायलों को सीएचसी हर्रैया में भर्ती कराया गया। जहां 19 वर्षीय सीमा को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया और दूसरी महिला सरिता गंभीर रूप से घायल हैं। उनका इलाज चल रहा है।

### पुलिस हिरासत से फरार हत्यारा अरेस्ट

**कानपुर।** यूपी एसटीएफ ने 17 साल से फरारी काट रहे कानपुर के शातिर हत्यारे प्रेम नाथ सोनकर उर्फ वरुण सोनकर को अरेस्ट कर लिया। शातिर ने कोर्ट से आजीवन कारावास की सजा होने के बाद पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था। इसके बाद से शहर में ही खुलेआम घूम रहा था और पुलिस उसे पकड़ नहीं पा रही थी। एसटीएफ लखनऊ को सुराग मिलने पर दबिश देकर दबोच लिया। रेलबाजार में दाखिल करने के बाद जेल भेज दिया गया। सीसामऊ थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरी में रहने वाला प्रेमनाथ सोनकर उर्फ वरुण सोनकर का अपने मामा सूरज सोनकर से व्यापार को लेकर 2002 झगड़ा हो गया था। मामला इतना बढ़ गया कि प्रेमनाथ ने अपने भाइयों के साथ मिलकर मामा सूरज की हत्या कर दी थी। इसके बाद से यह लखनऊ भाग गया और वहीं पर दबंग होने के चलते एक ठेकेदार के अंडर में पहले काम किया फिर खुद ठेकेदारी करने लगा। जबकि हत्यारोपी दोनों भाई ऋषि उर्फ बॉबी और राहुल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। दीवाली पर अपने घर आया था। एसटीएफ को मामले की जानकारी मिली और दबिश देकर प्रेमनाथ को अरेस्ट कर लिया। शातिर पर हत्या समेत 7 गंभीर मुकदमें दर्ज हैं।

# अयोध्या में पहली बार योगी कैबिनेट बैठक

## सीएम ने मंत्रियों संग रामलला के दर्शन किए; 14 प्रस्ताव पास, सभी मेलों का खर्च उठाएगी सरकार




लखनऊ/अयोध्या। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होनी है। इससे पहले यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में पहली कैबिनेट बैठक की है। लोकसभा चुनाव 2024 भी करीब है। बता दें कि 9 नवंबर 1989 को श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास हुआ था। सुप्रीम कोर्ट में सालों चले राम जन्मभूमि विवाद का फैसला भी 9 नवंबर 2019 को ही रामलला के पक्ष में आया था।

आज अयोध्या में हुई पहली कैबिनेट बैठक में 14 प्रस्ताव पास हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज उत्तर प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है। यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या धाम आई है। केंद्र और राज्य सरकार की 30,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की 178 योजनाएं पहले से ही अयोध्या में चल रही हैं। आज अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन का फैसला किया है। इसके साथ ही अयोध्या के सभी मेलों का खर्च अब सरकार उठाएगी।

### इन प्रस्ताव को मिली मंजूरी

उत्तर प्रदेश में अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्थापना की जाएगी। यूपी को एक्सपोर्ट हब बनाने में मदद मिलेगी। अयोध्या को काशी होकर कोलकाता से जलमार्ग से जोड़ा जा सकेगा। गंगा, यमुना, सरयू में क्रूज चलाएंगे।

रामलला का मंदिर बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। इसलिए अयोध्या तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद की स्थापना की जाएगी। इसके तहत तीर्थ यात्रियों को ठहरने से लेकर खाने तक की सुविधा मिलेगी। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

देवीपाटन धाम तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के प्रस्ताव भी पास किया है।

रामायण शोध संस्थान बनाया जाएगा।

नई ड्रोन पॉलिसी लागू की है। अब ड्रोन का रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

अयोध्या के माझा जमथरा गांव में भारतीय मंदिर वस्तुकला संग्रहालय बनाने के लिए 25 एकड़ भूमि दिए जाने का प्रस्ताव भी पास किया है।

मुजफ्फरनगर के शुक्रताल धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव भी पास किया गया है।

इनलैंड वाटर-वे प्राधिकरण के गठन के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

हाथरस में दाऊजी लक्खी मेला, अयोध्या के सभी मेला, बुलंदशहर में गंगा मेला, देव दीपावली आयोजन के खर्च सरकार द्वारा उठाने का प्रस्ताव भी पास हुआ है। प्रदेश में महिला स्वयंसेवी समूहों को उनके ही ब्लॉक में प्लांट लगाने के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। 28 नवंबर शीतकालीन सत्र होगा। यह सत्र एक सप्ताह का होगा।

### प्रयागराज-काशी के बाद अयोध्या में कैबिनेट बैठक

उत्तर प्रदेश के इतिहास में योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं, जो प्रदेश की राजधानी के बाहर कैबिनेट की बैठक करते रहे हैं। साल 2019 में कुंभ मेला के दौरान प्रयागराज में भी मंत्रिपरिषद की बैठक की गयी थी। तब मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने संगम में पुण्य स्नान भी किया था। इसके अलावा काशी में भी कैबिनेट की बैठक हो चुकी है। इसी कड़ी में अब भगवान श्रीरामलला की जन्मभूमि अयोध्या में योगी कैबिनेट की बैठक की गई है।

# रोडवेज में अगले दस दिन चालक परिचालक कमायेंगे अतिरिक्त पैसा

लखनऊ। दीपावली और छठ के पर्व को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने 10 नवंबर से 20 नवंबर के बीच अतिरिक्त बसें चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के जो कर्मी (बस चालक और परिचालक) लगातार सेवाएं देंगे, सरकार ने उनके लिए प्रोत्साहन राशि की घोषणा की है।

यह प्रोत्साहन योजना 10 से 20 नवंबर के बीच यानी कुल 11 दिनों तक लागू रहेगी। वहीं, दीपावली, भैया दूज और छठ जैसे त्योहारों के दौरान परिवहन निगम ने सभी चालक, परिचालकों के साथ ही अधिकारियों और उपाधिकारियों की छुट्टी भी रद कर दी है।

उल्लेखनीय है कि दीपावली, भैया दूज और छठ के अवसर पर गाजियाबाद, दिल्ली एवं पश्चिमी क्षेत्रों से 60 प्रतिशत से अधिक यात्री लोड मिलता है। इसके अलावा अन्य राज्यों व शहरों से लोग अपने घरों के लिए और त्योहार के बाद घरों से वापस अपने कार्यस्थल के लिए प्रस्थान करते हैं।

उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए चालक और परिचालकों को प्रोत्साहित करने के लिए यूपीएसआरटीसी की ओर से इसकी शुरुआत की गई है।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि संविदा और आउटसोर्सिंग के चालक और परिचालक कम से कम 10 दिनों तक निर्धारित औसत किलोमीटर का संचालन करते हैं तो उन्हें 350 प्रतिदिन की दर से एक साथ 3500 विशेष प्रोत्साहन का भुगतान किया जाएगा। प्रोत्साहन अवधि में औसतन 300 किलोमीटर बस संचालन करना होगा। यदि कर्मचारी 11 दिन की प्रोत्साहन अवधि तक हर रोज ड्यूटी करते हैं और किलोमीटर के मानक पूरे करते हैं तो उन्हें 400 प्रतिदिन के हिसाब से 4400 रुपए देय होंगे।

संविदा और आउटसोर्सिंग चालक परिचालकों को प्रोत्साहन अवधि में निर्धारित मानक से अधिक किलोमीटर अर्जित करने पर अतिरिक्त किलोमीटर पर 55 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से अतिरिक्त मानदेय दिया जाएगा।

# रायबरेली : जमीनी विवाद में पूर्व प्रधान की हत्या

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के गुरुबख्शगंज इलाके में गुरूवार को जमीनी विवाद को लेकर पूर्व प्रधान की हत्या कर दी गयी।

अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि गुरुबख्शगंज इलाके में दो पक्षों के बीच जमीन को जोतने को लेकर विवाद हो गया, जिसमें एक पक्ष ने पूर्व प्रधान की जान ले ली।

बताया गया कि आज सुबह करीब 12 बजे गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के बसगंवा गांव में दो पक्षों में जमीनी विवाद के कारण मारपीट हो गयी। विवाद का कारण भूमि के एक ही संयुक्त खाते के दो मालिको के बीच झगड़ा होना बताया गया है। पूर्व प्रधान रामदास और धर्मेंद्र सोनी व मुन्नू लाल सोनी के बीच भूमि की जुताई को लेकर विवाद हो गया। बीते बुधवार को रामदास ने खेत मे गेंहू बोया था जिससे दूसरा पक्ष नाराज हो गया।

आज दोनो पक्षो के बीच विवाद बढ़ गया जिसमें दूसरे पक्ष ने पूर्व प्रधान रामदास को बेदर्दी से मारापीटा जिससे उसके सर में गहरी चोट आ गयी और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जब घटना की सूचना पुलिस को मिली तो तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई और उसने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई है तथा जहाँ-जहाँ हत्यारोपियों की लोकेशन मिली है वहां- वहां पुलिस दबिश डाल रही हैं।

# रामलीला मेला में लगे झूले में करंट से युवक की मौत

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली जिला स्थित थाना भोजीपुरा क्षेत्र में रामलीला मेले के लगे झूले में करंट आ गया जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि पीपलसाना चौधरी में लगे मेले का बुधवार को समापन था। मेले में देर रात कंचनपुर बस्ती निवासी शिव कुमार उर्फ सनी (22) दोस्तों के भी साथ आया था। वहां सभी लोग झूला झूल रहे थे। अचानक झूले में करंट आ गया, उस समय करीब 15 लोग झूले पर सवार थे। करंट लगते ही शिवकुमार जमीन पर गिर गया। अन्य सभी को हल्का करंट लगा था। मौके पर अफरातफरी मच गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता शिवकुमार मौत हो गई। सूचना मिलते ही हल्का इंचार्ज एसआई टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# औरैया में महिला की हत्या, पुत्र-बहू घायल

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के बिधूना क्षेत्र में बल्ब जलाये जाने को लेकर हुए विवाद में प्रधान पुत्र ने साथियों के साथ मिलकर पड़ोस में रहने वाली बुजर्ग महिला की पीट पीट कर हत्या कर दी जबकि उसका पुत्र और पुत्रवधू गंभीर रूप से घायल हो गये।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) चारू निगम ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये चार टीमों का गठन किया है।

एसपी ने गुरुवार को बताया कि क्षेत्र के गांव मढ़हा में बुधवार देर रात ग्राम प्रधान मालती देवी का पुत्र मोहित सिंह अपने मकान की गली में टूटे हुए नाले पर पेशाब कर रहा था कि तभी पड़ोसी उदयवीर सिंह के मकान की लाइट जल गयी। लाइट जलने से नाराज प्रधान पुत्र मोहित ने पड़ोसी को गली गलौज करते




हुए लाइट बंद करने को कहा, जिस पर उदयवीर की 70 वर्षीय वृद्ध मां शान्ति देवी ने लाइट बंद करने से मना कर दिया। जिससे दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया। जिसके बाद मोहित ने बलवीर, गबूदे व शैलेन्द्र आदि के साथ मिलकर सरिया, लाठी व डंडा लेकर उदयवीर सिंह के परिवार पर हमला बोल दिया। हमले में वृद्ध शांति देवी की मौके पर मौत हो गयी। जबकि उदयवीर सिंह व उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी को गंभीर चोटें आयी। जिसके बाद हमलावर मौके से भाग गये। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी श्रीकेश भारती समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। जिसने घायलों को उपचार के लिये सीएचसी बिधूना में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने उदयवीर सिंह व उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी का प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में रिम्स सैंफई के लिए रेफर कर दिया गया जबकि वृद्ध शान्ति देवी को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधीक्षक चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा समेत आलाधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों व ग्रामीणों से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये सीओ बिधूना के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया है। बताया गया कि एक वर्ष पूर्व भी प्रधान पुत्र पीड़ित परिवार के साथ मारपीट कर चुका है।

# आगरा में युवती की चौथी मंजिल से गिरकर मौत

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा में थाना ताजगंज के अंतर्गत फतेहाबाद मार्ग पर बुलंद सिटी अपार्टमेंट सोसाइटी में चौथी मंजिल के फ्लैट से गिरी युवती की गुरूवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गयी।

वृंदावन की रहने वाली हिना पुत्री राजकुमार पांच दिन पहले ही होटल रमाडा में फ्रंट आफिस में बतौर स्टाफ नियुक्त हुई थी। घटना की जानकारी होने पर हिना के परिजन यहां पहुंच गए। हिना द्वारा आत्महत्या की गई या हादसे में गिरी, इसकी पुलिस छानबीन कर रही है। आशंका है कि हिना ने



फ़्लैट की खिड़की से छलांग लगाई। युवती निकट ही स्थित सितारा होटल में कार्यरत थी।

एसीपी सदर अर्चना सिंह ने बताया कि हिना समेत तीन युवतियों ने होटल के पास ही बुलंद अपार्टमेंट सोसाइटी में चौथी मंजिल पर दो कमरों का फ्लैट किराये पर लिया था। दोनों युवतियां एक कमरे में रहती हैं, जबकि हिना दूसरे कमरे में अकेले रहती थी। हिना शादीशुदा थी। पति कपिल से उसका विवाद चल रहा था। पति सोनीपत में रहता है। हिना के दस वर्ष का एक पुत्र भी है। वह पिता के साथ रहता है। हिना यहां से पहले मथुरा के एक होटल में कर्मचारी थीं।

बुधवार की रात 11 बजे हिना के अपने कमरे की खिड़की से नीचे गिरने की जानकारी साथ में रहने वाली युवतियों और अपार्टमेंट के गार्ड ने सोसाइटी के पदाधिकारियों और पुलिस को दी। हिना को गंभीर हालत में ताजगंज के शांति मांगलिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां आज सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामले में पुलिस का कहना है कि मामला आत्महत्या का है या हादसा इसकी जांच की जा रही है। हिना के कमरे की तलाशी ली जाएगी, देखा जाएगा कि उसने कोई सुसाइड नोट तो नहीं छोड़ा है। इसके अलावा हिना के मोबाइल की कॉल डिटेल भी निकाली जा रही है, इससे कि यह पता लगाया जा सके कि उसने घटना से पहले अंतिम बार किससे बात की थी।

# कौशांबी : पेड़ से गिरी डाल, व्यक्ति की हुई मौत

एजेंसी

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के कुटीपर गांव में गुरूवार को एक व्यक्ति के ऊपर पेड़ की डाल ?गिर जाने से दबाकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सब इंस्पेक्टर पर्मेश कुमार ने बताया कि अहिरारा गांव के मजरा बरमदपुर निवासी इंद्रबहादुर कुटी पर गांव मे सूखी डाल काट रहा था।

पेड़ से नीचे उतर कर नीचे से कटी हुई डाल खींचने लगा डाल उसी के ऊपर गिर गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# बुलन्दशहर : फाइनेंसर के हत्यारे को सश्रम आजीवन कारावास

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले में न्यायालय ने एक फाइनेंसर की गला रेतकर हत्या करने वाले उसके नौकर को गुरूवार को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व दस हजार रूपये के जुर्माने से दन्डित किया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विमल कुमार ने बताया कि कोतवाली नगर के ग्राम धमैड़ा कीरत निवासी त्रिलोक सिंह की कोतवाली नगर के धमैड़ा बस अडडे के पास फाइनेंस की दुकान थी और हरेन्द्र उनके यहां नौकरी करता था।

उसके द्वारा ही पैसे की उगाही व लेनदेन भी किया जाता था। बताया जाता है कि हरेन्द्र रोजाना अपने मालिक त्रिलोक सिंह को गांव छोड़ने के लिए आता था, 11 नवम्बर 2017 की शाम को रोजाना की तरह फाइनेंसर त्रिलोक सिंह अपने घर वापिस नहीं लौटा तथा 12 नवम्बर की सुबह सूचना मिली कि उसकी गला रेतकर नृशंस हत्या कर दी गई है।

# मुठभेड़ में बदमाशों का सरगना गिरफ्तार

प्रतापगढ़। उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक अंतर्जनपदीय शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र ने आज बताया कि बुधवार देर रात चेकिंग के दौरान बाईक रोकाने पर शातिर बदमाश कफील ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश कफील के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कफील कई बदमाशों का सरगना है।

# पंचायत सदस्य के खिलाफ महिला ने खोला मोर्चा

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र निवासी जिला पंचायत सदस्य माफिया गब्बर सिंह के विरुद्ध दरगाह थाने में आज एक महिला ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है।

महिला ने पति के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र को खारिज करने की भी मांग की है। जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहनापुर निवासी देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह पुत्र रामफल जिला पंचायत सदस्य है और इस समय जेल में बंद है। माफिया के विरुद्ध अयोध्या, सुल्तानपुर, लखनऊ और गोंडा समेत अन्य जनपद में 20 से अधिक मुकदमा दर्ज है। गौरतलब है कि गब्बर सिंह के विरुद्ध दरगाह के मोहल्ला शिव नगर निवासी सुधा मातनहेलिया पत्नी अरुण ने केस दर्ज कराया है। थाने में तहरीर देकर महिला का कहना है कि उसके पति को गब्बर सिंह ने अपहरण करवा लिया और उसके पति का आज तक पता नहीं चला है। इसके बाद भी पति का मृत्यु प्रमाण पत्र अस्पताल और नगर पालिका से बनवाकर जमीन फर्जी तरीके से बैनामा करवा ली है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र को भी खारिज किए जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि गब्बर सिंह जेल में बंद हैं। उसका बयान दर्ज कर जांच की जायेगी।

यूपी के टॉप 50 माफियाओं में शामिल गब्बर सिंह के संपत्ति की कुर्की भी हो चुकी है।

लगभग आठ माह पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने शहर में स्थित गब्बर के सिंह के दो संपत्ति की कुर्की की थी, जिसकी कीमत 110 करोड़ रूपये थी।

# मेरठ में सपा विधायक अतुल प्रधान पर एफआईआर

**मेरठ।** मेरठ में सरधना सीट से सपा विधायक अतुल प्रधान सहित उनके समर्थकों पर मेडिकल थाने में मुकदमा लिखा गया है। अतुल प्रधान पर आरोप लगा कि दो दिन पहले न्यूटिमा अस्पताल में बिल कम कराने पहुंचे थे, तभी हंगामा किया था। अस्पताल के सिक्योरिटी इंचार्ज केहर सिंह की तरफ से थाने में तहरीर दी गई। देर रात मेडिकल थाने में विधायक अतुल प्रधान समेत 4 नामजद और 30-40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं डीएम ने अस्पताल पर भी जांच बैठा दी है। आरोपियों में विधायक के अलावा मरीज (बच्चा) का पिता जितेंद्र, दादा, चाचा नामजद हैं। अस्पताल के सिक्योरिटी इंचार्ज



केहर सिंह निवासी जेबरी कंकरखेड़ा की तहरीर पर कार्रवाई हुई है। केहर सिंह ने बताया, सोमवार शाम 5 बजे विधायक अपने समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे। स्टाफ के साथ अभद्रता करते हुए उन्होंने डॉक्टरों को बुलाने के लिए कहा। इसके बाद विधायक ने स्टाफ के साथ गाली-गलौज की और पीटने की धमकी दी। डॉ. संदीप गर्ग, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. विजय सिंह, डॉ. तरुण गोयल मौके पर पहुंचे तो उनके साथ भी अभद्रता की और झूठे आरोप लगाए। वहीं मरीज पिछले 26 दिन से अस्पताल में भर्ती था। पूरे बिल का भुगतान किए बगैर विधायक उसे जबरदस्ती अस्पताल से ले गए। विधायक के अस्पताल में पहुंचकर हंगामा करने और मरीज से बेवजह की लूट की शिकायत करने का वीडियो सामने आने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने तुरंत इस मामले की जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट देने का आदेश दिया था। डिप्टी सीएम के आदेश के बाद सीएमओ की टीम बुधवार को अस्पताल में जांच के लिए पहुंची।

# इनकम टैक्स इंस्पेक्टर का सहारनपुर में हंगामा

सहारनपुर। सहारनपुर पुलिस ने एक इनकम टैक्स अधिकारी को थाने लाया तो उसने हंगामा कर दिय। दिल्ली में तैनात इनकम टैक्स इंस्पेक्टर ने कपड़े उतारे और कार पर चढ़ गया। करीब एक घंटे तक यह हंगामा होता रहा। पुलिस कार से उसे उतारती रही, लेकिन वह नीचे उतरने का नाम नहीं लिया। इनकम टैक्स इंस्पेक्टर को जैसे ही पुलिस थाने लेकर पहुंची। वह तेज-तेज चिल्लाने लगा। बोला, इसका अंजाम तुम्हें भुगतना होगा। मैं दिल्ली में इनकम टैक्स अधिकारी हूं। देख लूंगा सबको, एक-एक को सबक सीखाऊंगा।

# छात्रा का हाथ पकड़ ट्रेन के आगे कूदा युवक, मौत

ललितपुर। ललितपुर में प्रेमिका का हाथ पकड़कर प्रेमी ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। दोनों के शव पटरी पर पड़े मिले हैं। दोनों एक-दूसरे के पड़ोसी थे। परिजनों ने प्रेम-प्रसंग के चलते सुसाइड करने की आशंका जताई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

युवती बीए की छात्रा थी और युवक जेसीबी मशीन चलाता था। ललितपुर-झांसी रेल मार्ग पर तालबेहट रेलवे स्टेशन के पास दोनों ने सुसाइड किया है। यहां बुधवार की रात युवक-युवती के शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़े मिले। सूचना मिलते ही रात तीन बजे कोतवाली तालबेहट पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को कब्जे में ले लिया। दोनों के शव मिलने के बाद पुलिस ने इनकी शिनाख्त करायी। गुरुवार की सुबह आसपास के कई इलाकों के लोग ट्रैक पर पहुंचे। इस दौरान युवती की शिनाख्त तालबेहट के स्टेशन रोड निवासी 19 वर्षीय बीए की छात्रा स्वाति और युवक की पहचान 22 वर्षीय राजकुमार पुत्र मुन्ना विश्वकर्मा के रूप में हुई।

## शार्ट न्यूज

### फेस्टिवल ऑफ़ लाइट: नियांटिक लेकर आया है कल्चर और गेमिंग का मिश्रण

नयी दिल्ली। भारत में चल रहे उत्सवों को ध्यान में रखते हुए नियांटिक भारत और दुनिया भर के ट्रेनर्स के लिए फेस्टिवल ऑफ़ लाइट का तीसरा संस्करण लाया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि जैसे-जैसे दीपावली का त्यौहार नजदीक आता जा रहा है, देश के हर कोने में मौजूद ट्रेनर्स को अपने पोकेमॉन के साथ रोशनी और उत्सव की इस चमक में खो जाने वाली शानदार यात्रा पर निकलने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। टैडबल्ब का सामना करने के लिए तैयार रहें क्योंकि पोकेमॉन गो की शुरुआत हो रही है। जंगल के अँधेरे में कुछ पोकेमोन रात में भी अपनी चमक बिखेरेंगे। अपने पोकेमॉन के साथ चमकें और जश्न मनाएं इमर्जिंग मार्केट नियांटिक, इंक के उपाध्यक्ष ओमार टेलेज़ के अनुसार, भारतीय ट्रेनर्स के प्रति हमारी प्रतिबद्धता तीसरे वर्ष भी पोकेमॉन गो में इस फेस्टिवल ऑफ़ लाइट कार्यक्रम के रूप में जारी है। जगमगाते पोकेमॉन, एनिमेटेड पोज़, कलेक्शन चेलेन्जेस और टैडबल्ब एनकाउंटर के साथ दीपावली मनाएं। इस वर्ष हमने भारत की बढ़ती गेमिंग ऑडियंस और विविध संस्कृति के प्रति अपने समर्पण को मजबूत करते हुए, हमारे भारतीय समुदायों के लिए अधिक रोमांचक गतिविधियों के साथ, हिंदी भाषा सपोर्ट भी लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि फेस्टिवल ऑफ़ लाइट 12 नवंबर 2023 रात 8: 00 बजे तक चलेगा। इस दौरान टैडबल्ब, एलीटैडपोल पोकेमॉन, और इसके इवोल्यूशन, बेलिबोल्ट, अपना पोकेमॉन गो डेब्यू करेंगे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ओआरओपी की तीसरी किस्त दिवाली से पहले जारी करने के दिए निर्देश



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा पेंशनभोगियों को वन रैंक ऑन पेंशन योजना के तहत बकाये की तीसरी किस्त दिवाली से पहले जारी करने का गुरुवार को निर्देश जारी किया। पिछले साल दिसंबर में सरकार ने वन रैंक वन पेंशन योजना के तहत सशस्त्र बलों के कर्मियों की पेंशन में संशोधन को मंजूरी दी थी। बकाया राशि का भुगतान चार किस्तों में किया जाना था। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने कहा, रक्षा मंत्री ने मंत्रालय को निर्देश दिया है कि स्पर्श प्रणाली के जरिए पेंशन पाने वाले रक्षा पेंशनभोगियों के लिए ओआरओपी भुगतान की तीसरी किस्त दिवाली से पहले जारी की जाए। बैंकों और अन्य एजेंसियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने माध्यम से पेंशन पाने वाले सभी रक्षा पेंशनभोगियों के लिए भी ऐसा ही करें। रक्षा मंत्रालय की ऑनलाइन पेंशन वितरण प्रणाली को स्पर्श कहा जाता है जिसे 2021 में शुरू किया गया था।

### वोडाफोन-आइडिया को 1128 करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड करने का आदेश

**नई दिल्ली।** बंबई उच्च न्यायालय ने आयकर विभाग को निर्देश दिया है कि वह वोडाफोन आइडिया लिमिटेड को आकलन वर्ष 2016-17 के लिए कर के रूप में भुगतान किए गए 1,128 करोड़ रुपये लौटाए। उच्च न्यायालय ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि इस साल अगस्त में विभाग द्वारा पारित आकलन आदेश समय की पाबंदी के साथ थी और इसलिए इसे बरकरार नहीं रखा जा सकता। न्यायमूर्ति केआर श्रीराम और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने 30 दिन के निर्धारित समय के भीतर अंतिम आदेश पारित नहीं करने में ढिलाई और सुस्ती दिखाने के लिए आकलन अधिकारी के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया और इस तरह सरकारी खजाने और जनता को भारी नुकसान पहुंचाया गया। अदालत ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड द्वारा दायर एक याचिका पर अपना फैसला सुनाया, जिसमें दावा किया गया था कि आयकर विभाग आकलन वर्ष 2016-2017 के लिए भुगतान की गई राशि को वापस करने में विफल रहा, जो कि उसकी आय पर वैध कर से अधिक था। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि वोडाफोन का मामला काफी प्राथमिक है और वह आयकर कानून के प्रावधानों के अनुरूप अपने कर्तव्यों के निर्वहन में संबंधित आकलन अधिकारी की पूर्ण उदासीनता और लापरवाही भरे रवैये को देखने के लिए विवश है।

### अमेजन के म्यूजिक डिविजन में छंटनी शुरू

नई दिल्ली। अमेजन डॉट कॉम ने पुष्टि की है कि उसने अपने म्यूजिक डिवीजन में कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी है। यह छंटनी पिछले एक साल में 27,000 से अधिक कर्मचारियों को प्रभावित करने वाली नौकरियों में कटौती की श्रृंखला में नवीनतम है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, छंटनी की घोषणा बुधवार को की गई और इसने लैटिन अमेरिका, उत्तरी अमेरिका और यूरोप के कर्मचारियों को प्रभावित किया है। रिपोर्ट के अनुसार अमेजन के प्रवक्ता के हवाले से छंटनी की पुष्टि की गई है, लेकिन प्रभावित कर्मचारियों की सही संख्या का खुलासा नहीं किया गया है। प्रवक्ता ने कहा, हम अपनी संगठनात्मक जरूरतों की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं और ग्राहकों और हमारे व्यवसायों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य हमारे लिए सबसे अधिक मायने रखते हैं। अमेजन म्यूजिक टीम में कुछ भूमिकाएं हटा दी गई हैं। हम अमेजन म्यूजिक में निवेश करना जारी रखेंगे। वाशिंगटन राज्य, कैलिफोर्निया या न्यूयॉर्क में हाल में बड़े पैमाने पर छंटनी नहीं की गई है, ये कंपनी के सबसे बड़े कर्मचारी केंद्रों में से हैं। कंपनी में छंटनी का फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब अमेजन ने तीसरी तिमाही में शुद्ध आय की सूचना दी है।

### तेलंगाना में कांग्रेस उम्मीदवार श्रीनिवास रेड्डी के ठिकानों पर आयकर छापा

नई दिल्ली। तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को कांग्रेस उम्मीदवार पी श्रीनिवास रेड्डी के आवासों और कार्यालयों की तलाशी ली। रेड्डी खम्मम जिले के पलेयर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। मीडिया में आई खबरों में कहा गया है कि रेड्डी आज अपना नामांकन पत्र दाखिल करने वाले थे। कांग्रेस नेता के समर्थकों ने खम्मम में तलाशी के विरोध में नारे लगाए। रेड्डी ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में संकेत दिया था कि आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय जैसी केंद्रीय एजेंसियां उन्हें निशाना बनाकर छापेमारी कर सकती हैं। रेड्डी ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से केंद्रीय एजेंसियां कांग्रेस नेताओं पर अपनी तलाशी केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ बीआरएस सरकार और भाजपा ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर हमलों में मिलीभगत की। रेड्डी ने कहा था, %मैं अपने सभी अनुयायियों से अनुरोध करता हूं कि वे कोई भी गतिविधि नहीं करें क्योंकि वे (केंद्रीय एजेंसियां) मुझे और मेरी कंपनियों को भी परेशान कर सकती हैं।

### वाहन बिक्री का टूटेगा रिकॉर्ड, हर सेगमेंट में सकारात्मक वृद्धि, 90 फीसदी एसयूवी की हिस्सेदारी

नई दिल्ली। वाहनों की बुकिंग और खुदरा बिक्री के लिहाज से इस साल का धनतेरस शानदार रहने वाला है। देशभर के बाजारों में खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ दिख रही है। वाहनों के हर सेगमेंट में सकारात्मक वृद्धि दिख रही है। नवरात्र की तरह इस बार धनतेरस पर भी वाहन बिक्री का रिकॉर्ड टूट सकता है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने बताया कि एसयूवी के प्रति बढ़ते आकर्षण की वजह से यह धनतेरस वाहन उद्योग के लिए खास रहेगा। वाहनों की रिकॉर्ड बुकिंग हुई है। कुल बुकिंग में एसयूवी की हिस्सेदारी 90 फीसदी है। हालांकि, हैचबैक और सेडान कारों की बुकिंग में गिरावट देखी जा रही है। फाडा अध्यक्ष ने बताया, कुल बुकिंग में शहरी मांग का योगदान 60 फीसदी है। ग्रामीण इलाकों से भी 40 फीसदी बुकिंग मिली है, जो उम्मीद से कम है। उन्होंने बताया कि बेहतर इन्वेंट्री की वजह से इस साल वाहनों की वेटिंग अवधि घटकर चार-छह महीने रह गई है। पिछले साल इन्वेंट्री में कमी से लोगों को वाहनों की डिलीवरी के लिए दो साल तक इंतजार करना पड़ा था।

# दस समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार गिरकर बंद



मुंबई। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीजज, एफएमसीजी, आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और तेल एवं गैस समेत दस समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 143.41 अंक टूटकर 64832.20 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 48.20 अंक उतरकर 19395.30 अंक रह गया। वहीं, मझौली और छोटी कंपनियों में मिलाजुला रुख रहा। बीएसई का मिडकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 32,460.25 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत गिरकर 38,233.60 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3827 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2044 में बिकवाली जबकि 1660 में लिवाली हुई वहीं 123 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष 22 में तेजी रही।

बीएसई के दस समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.50, ऊर्जा 0.48, एफएमसीजी 0.88, इंडस्ट्रियल्स 0.05, आईटी 0.74, दूरसंचार 0.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.62, तेल एवं गैस 0.75, टेक 0.72 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.19, जापान का निक्केई 1.49 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.03 प्रतिशत चढ़ गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.06 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.33 प्रतिशत गिर गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 50 अंक बढ़कर 65,025.32 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत दोपहर तक 65,046.56 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 64,768.76 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 64,975.61 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत उतरकर 64,832.20 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 14 अंक उठकर 19,457.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,463.90 अंक के उच्चतम जबकि 19,378.35 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,443.50 अंक की तुलना में 0.25 प्रतिशत गिरकर 19,395.30 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.56, टेक महिंद्रा 1.33, इंफोसिस 1.22, रिलायंस 1.11, बजाज फाइनेंस 1.00, टीसीएस 0.96, अल्ट्रासिमको 0.82, टाइटन 0.81, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.56, आईटीसी 0.55, भारती एयरटेल 0.49, एशियन पेंट 0.41, नेस्ले इंडिया 0.33, विप्रो 0.30, एचडीएफसी बैंक 0.27, एसबीआई 0.25 और एक्सिस बैंक 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 4.09, पावरग्रिड 1.50, इंडसइंड बैंक 1.31, टाटा मोटर्स 1.06, एलटी 1.00, मारुति 0.76, टाटा स्टील 0.55, बजाज फिनसर्व 0.48, एनटीपीसी 0.46, एचसीएल टेक 0.22, कोटक बैंक 0.17, आईसीआईसीआई बैंक 0.15 और सन फार्मा के शेयरों ने 0.03 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## ‘मौद्रिक नीति सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति को कम करने वाली’



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक सतर्क बना हुआ है और मौद्रिक नीति सक्रिय रूप से मुद्रास्फीति को कम करने वाली है और वृद्धि को समर्थन दे रही है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति दो प्रतिशत के मार्जिन के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे।

टोक्यो में एक संगोष्ठी में, दास ने फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए केंद्रीय बैंक के दृष्टिकोण के बारे में भी बात की, उन्होंने कहा कि यह ग्राहक-केंद्रित है। उन्होंने कहा कि सुशासन, प्रभावी निगरानी, नैतिक आचरण और जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने और स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) के माध्यम से फिनटेक द्वारा स्व-विनियमन को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अक्टूबर की बैठक में 2023-24 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो 2022-23 के 6.7 प्रतिशत से कम है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सितंबर में तीन महीने के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गई। अक्टूबर के आंकड़े 13 नवंबर को जारी किए जाएंगे।

दास ने कहा कि हालांकि हेडलाइन मुद्रास्फीति बार-बार और अतिव्यापी खाद्य कीमतों के झटकों के प्रति संवेदनशील बनी हुई है और जनवरी 2023 में अपने हालिया शिखर के बाद से कोर मुद्रास्फीति में 170 आधार अंकों की कमी आई है। गवर्नर ने कहा, %इन परिस्थितियों में मौद्रिक नीति सतर्क और सक्रिय रूप से अवस्फीतिकारी बनी हुई है ताकि वृद्धि को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप बनाया जा सके।

एमपीसी ने बेंचमार्क उधारी दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है और इसकी अगली बैठक दिसंबर की शुरुआत में होनी है। दास के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने भारत में फिनटेक क्रांति में एक अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। इसकी सफलता की कहानी वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय मॉडल बन गई है।

## हाउसिंग डॉटकॉम करेगी फिनटेक स्टार्टअप ईज़ीलोन में निवेश

नयी दिल्ली। डिजिटल रियल एस्टेट प्लेटफॉर्म हाउवसिंग डॉटकॉम ने ईज़ीलोन में रणनीतिक निवेश करने का फैसला किया है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि ईजीलोन होम लोन के पूरे सफर का डिजिटलीकरण करने पर केंद्रित एक फिनटेक स्टार्टअप है। हालांकि कंपनी ने निवेश की गई राशि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है, लेकिन यह निवेश हाउसिंग डॉटकॉम को भारत का सबसे बड़ा डिजिटल होम लोन प्लेटफॉर्म बनाने की योजना के मुताबिक है।प्रमोद कठूरिया ने 2021 में ईज़ीलोन की शुरुआत की थी, जो एक डिजिटल होम लोन मार्केटप्लेस है।

यह देश भर में 20 से अधिक बैंकों के सहयोग से व्यक्तिगत, एंड-टू-एंड होम लोन समाधान मुहैया कराता है। यह प्लेटफॉर्म ग्राहक प्रोफाइल-आधारित मैचमेकिंग का उपयोग करते हुए यूजरों को होम लोन की तुलना करने, उनमें से एक का चुनाव करने और इस पूरी प्रक्रिया को आसान और सहज बनाता है। ईज़ीलोन मध्यस्थों, डेवलपरों और अन्य डिजिटल चैनलों के साथ साझेदारी के माध्यम से ग्राहकों को तेजी से जोड़ने में सक्षम है।

## ‘असली भरोसा असली घी’ पारस का नया अभियान




नयी दिल्ली। पारस डेयरी फूड सेक्टर में दशकों से शुद्धता और भरोसे के अपने वायदे को पुख्ता करने के लिए मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी के साथ ‘असली भरोसा असली घी’ अभियान शुरू करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि 1960 में कारोबार शुरू करने से लेकर पारस ने ग्राहकों पर अपना विश्वास बनाये रखा हैं। घर-घर में पारस के ताजा डेयरी प्रोडक्ट दिखते हैं। पारस का ‘असली भरोसा असली घी’ अभियान ईमानदारी और शुद्धता जैसे मूल्यों पर बल देता है, जबकि अक्सर इन मूल्यों को आज के ज़माने में नजरअंदाज कर दिया जाता है।

कंपनी ने इस अभियान के लिए मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी को अपने साथ जोड़ा है। उनका कहना है कि वे असली और शुद्ध जैसे अनोखे गुणों को लेकर ही पारस से जुड़े हैं।

इन गुणों को लेकर उनका रेस्टोरेंट ‘कारीगारी ङ्क हैंडक्राफ्टेड बिस्ट्रो’ पुरस्कृत रहा है। यहां खान-पान के इनोवेशन में उनका जुनून दिखता है। वे खाने में घी की शुद्धता को बहुत अहम समझते हैं इसलिए उन्होंने पारस को चुना, जो ईमानदारी और विश्वास का प्रतीक है।

पारस से जुड़ने का अपना अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा, यह कोई आम घी नहीं है, बल्कि असली घी है, जिसका मैं कई वर्षों से उपयोग कर रहा हूं और मेरे डिश में असली स्वाद देने के लिए इसी पर भरोसा करता हूं। यह ब्रांड हर मां की पहली पसंद है। इससे जुड़ना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है।

पारस डेयरी के सीएमओ वी पी एस मालिक ने कहा शेफ हरपाल सिंह सोखी ने पारस को चुना और इस पर भरोसा किया। इसको इसकी बेहद खुशी है। डेयरी की दुनिया में पारस की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के चलते ही शेफ सोखी ने हमें चुना है। हरपाल सिंह सोखी बहुत गुणी और अनुभवी शेफ हैं। हम उनके साथ मिल कर सभी के खाने को अधिक स्वादिष्ट बनाने की उम्मीद रखते हैं। हमें पूरा भरोसा है कि ये सफर बहुत खूबसूरत होने वाला है।

## दबाव वाले 1600 किमी रेल-मार्गों की क्षमता बढ़ाने, ट्रंक, फीडर लाइनों के विस्तार की तैयारी

एजेंसी



नयी दिल्ली। अवसंचारचनात्मक सुविधाओं के विकास में समन्वय को लेकर बने एक उच्च स्तरीय समूह की बैठक में रेलवे नेटवर्क उच्च दबाव वाले कुल 16,00 किलोमीटर मार्ग पर क्षमता का विस्तार करने की योजना तय की गयी। इसके अलावा रेलवे के ट्रंक मार्गों को बढ़ाने और फीडर मार्गों को दोगुना किये जाने का भी फैसला किया गया है।

रेल मंत्रालय ने इस कार्यक्रम के तहत लगभग 200 परियोजनाओं की पहचान की है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री गतिशक्ति वृहद योजना के अंतर्गत नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की बुधवार को हुयी बैठक में रेलवे मंत्रालय के संबंधित प्रस्तावों पर विचार किया गया।

बैठक की अध्यक्षता उद्योग संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) में विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) सुमिता डावरा ने की।

विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में रेलवे के 16,600 किमी की कुल लंबाई वाले उच्च-यातायात घनत्व वाले मार्गों की क्षमता बढ़ाने तथा ट्रंक मार्गों का संवर्द्धन और चार लेन का करने तथा फीडर मार्गों का दोहरीकरण करने के रेल मंत्रालय के प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

बयान में कहा गया है कि इन परियोजनाओं से , रेलवे मार्गों पर अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की क्षमता पैदा होगी और औसत गति में सुधार होगा। इसमें क्षेत्र विकास दृष्टिकोण का अनुप्रयोग करने से सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उच्च दबाव वाले मार्गों की परियोजनायें अपने रास्ते में 210 जिलों के 6000 से अधिक गांवों को छुयेंगी।

### एपीएसईजेड के मुनाफे में मामूली वृद्धि

मुंबई। अडानी समूह की कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनोमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1761.63 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1737.81 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में मात्र 1.37 प्रतिशत अधिक है। हालांकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 2119.38 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में दूसरी तिमाही के लाभ में 16.87 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। कंपनी ने आज निदेशक मंडल की बैठक के बाद शेयर बाजार को दी जानकारी कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी कुल आय 6951.86 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 5648.91 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 23.06 प्रतिशत अधिक है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिवालियापन कानून के प्रावधानों को रखा बरकरार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिवाला एवं ऋृणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के कुछ प्रमुख प्रावधानों की वैधता गुरुवार को बरकरार रखी जबकि कई याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि ये उन लोगों के समानता के अधिकार जैसे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं जिनके खिलाफ दिवाला प्रक्रिया शुरू की गई है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आईबीसी के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली 391 याचिकाओं पर फैसला सुनाया। इन याचिकाओं में संहिता की धारा 95 (1), 96 (1), 97 (5), 99 (1), 99 (2), 99 (4), 99 (5), 99 (6) और 100 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। ये प्रावधान चूककर्ता फर्म या व्यक्तियों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही के विभिन्न चरणों से निपटते हैं। इन प्रावधानों को संवैधानिक रूप से वैध ठहराते हुए पीठ ने कहा कि वे मनमानी से ग्रस्त नहीं हैं, जैसा कि दलील दी गई है।

सीजेआई ने फैसला सुनाते हुए कहा, आईबीसी को संविधान का उल्लंघन करने वाला ठहराने के लिए इसे पूर्वगामी तरीके से संचालित नहीं ठहराया जा सकता। इस प्रकार, हम मानते हैं कि क़ानून स्पष्ट मनमानी के दोषों से ग्रस्त नहीं है। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने विभिन्न आधारों पर आईबीसी प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अलग-अलग तारीखों पर नोटिस जारी किए थे।

## आर्टेमिस मेडिकेयर का सकल शुद्ध लाभ 54.4 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य सेवायें देने वाली कंपनी आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज लिमिटेड (आर्टेमिस) ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 13.53 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 8.77 करोड़ रुपये की तुलना में 54.4 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया है कि समीक्षाधीन अवधि में उसका परिचालन राजस्व 225 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 187.4 करोड़ रुपये की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी दिल्ली-एनसीआर में कुल 713 बेड के अस्पतालों का संचालन करती है। इनमें से 541 बेड क्वाटर्नरी केयर के हैं। गुरुग्राम में एक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के अलावा कंपनी आर्टेमिस लाइट और डेफोडिल्स ब्रांड के अंतर्गत 5 अस्पतालों का संचालन करती है।

बेड क्षमता उपयोग 70 प्रतिशत रहा। विदेशी मरीजों से आने वाला राजस्व 40 करोड़ रुपये से बढ़कर 62 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शुद्ध राजस्व में 29.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी विदेशी मरीजों की रही। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कंपनी का शुद्ध राजस्व पिछले वित्त वर्ष के 354.7 करोड़ रुपये से बढ़कर 434.5 करोड़ रुपये रहा।

कंपनी की प्रबंध निदेशक डॉ. देवलीना चक्रवर्ती ने कहा, हमारे तिमाही नतीजों ने एक बार फिर आर्टेमिस ब्रांड की मजबूत होती छवि को दिखाया है। मरीजों को मिलने वाला शानदार अनुभव ही हमारी सफलता है। पिछली लगातार छह तिमाही में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि तीसरे टॉवर का निर्माण कार्य भी तय योजना के अनुरूप ही बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के शुरुआत में परिचालन में आने के बाद से यह टावर हमारे प्रदर्शन में उल्लेखनीय वृद्धि का कारक बनेगा।

### बीएलएस इंटरनेशनल का मुनाफा 61 प्रतिशत उछला

नयी दिल्ली। बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में 82 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 51 करोड़ रुपये की तुलना में 61 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां वित्तीय लेखाजोखा जारी करते हुये कहा कि इस तिमाही में उसका सकल परिचालन राजस्व 407.74 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 356.84 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 14.26 प्रतिशत अधिक है। कंपनी संयुक्त प्रबंध निदेशक शिखर अग्रवाल ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने इस वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में भी अपनी विकास गति को जारी रखा है। कंपनी का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक रहा है। तिमाही के दौरान, हमने आउटसोर्स वीजा सेवाएं प्रदान करने के लिए स्लोवाकिया सरकार के साथ अनुबंध किया। स्लोवाकिया पर्यटकों के लिए एक हॉट स्पॉट बनता जा रहा है।

## हिंदुस्तान जिंक की एलएनजी-चालित ट्रकों के लिए ग्रीन लाइन के साथ भागीदारी

**नयी दिल्ली।** एलएनजी-चालित हेवी ट्रकिंग लॉजिस्टिक्स कंपनी ग्रीन लाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड (ग्रीनलाइन) ने वेदांत समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक के लिए अपने एलएनजी-चालित ट्रक तैनात किए हैं। वहनीयता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तौर पर हिंदुस्तान जिंक ने धातु और खनन क्षेत्र में हरित लॉजिस्टिक्स के एक नए युग की शुरुआत करते हुए एस्सार की ग्रीन मोबिलिटी समाधान कंपनी ग्रीनलाइन को अपने वहनीयता लॉजिस्टिक्स भागीदार के रूप में चुना है।

ग्रीनलाइन, वहनीय माल परिवहन में अग्रणी बनने के लिए लक्ष्य के अनुरूप, हिंदुस्तान जिंक के रोड लॉजिस्टिक्स के परिचालन के लिए एलएनजी-संचालित ट्रकों को तैनात करने में 200 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। ब्लू एनर्जी मोटर्स द्वारा विनिर्मित ये एलएनजी-चालित ट्रक, डीजल की तुलना में टॉक्सिक उत्सर्जन में प्रभावशाली कटौती करते हैं, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड में 30 प्रतिशत, एसओएक्स में 100 प्रतिशत, एनओएक्स में 59 प्रतिशत, पार्टिकुलेट मैटर में91 प्रतिशत और सीओमें 70 प्रतिशत तक की कमी शामिल है।




ग्रीनलाइन ने एकीकृत ग्रीन लॉजिस्टिक्स परितंत्र बनाने के लिए कई संगठनों के साथ सहयोग किया है, जिससे भारत में एलएनजी ट्रकिंग एक वास्तविकता बन गई। एलएनजी से चलने वाले वाहन, जो डीजल की तुलना में काफी कम उत्सर्जन के लिए जाने जाते हैं।

यह साझेदारी एक टिकाऊ, पर्यावरण के प्रति जागरूक भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को मज़बूत कर एलएनजी-ईंधन वाले लंबी दूरी के ट्रकों को व्यापक रूप से अपनाने का मार्ग प्रशस्त करती है।

## शार्ट न्यूज

### हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर 2023 तक होने वाले बहुप्रतीक्षित एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। भारत को पूल सी में जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा के साथ रखा गया है। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ करेंगे और इससे पहले पूल सी मैचों में क्रमश: 30 नवंबर और दो दिसंबर को जर्मनी और बेल्जियम से भिड़ेंगे। क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए पूल ए में नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और चिली हैं जबकि पूल बी में अर्जेंटीना, स्पेन, जिम्बाब्वे और कोरिया हैं। पूल डी में इंग्लैंड, अमेरिका, न्यूजीलैंड और जापान प्रतिस्पर्धा करेंगे। क्वार्टरफाइनल मुकाबला छह दिसंबर और सेमीफाइनल आठ दिसंबर और फाइनल 10 दिसंबर को खेला जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले विश्व कप मुकाबले में भारत मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गया था और चौथे स्थान पर रहा था। इस बार भारतीय जूनियर टीम की कप्तान प्रीति और उप कप्तानी रुतुजा दादासो पिसल है। टीम में गोलकीपर खुशबू और माधुरी किंडो शामिल हैं। डिफेंडर नीलम, प्रीति, ज्योति सिंह और रोपनी कुमारी को मिडफील्डर महिमा टेटे, मंजू चोरसिया, ज्योति छत्री, हिना बानो, सुजाता कुजूर और रुताजा दादासो पिसल के साथ टीम में रखा गया है। फॉरवर्ड लाइन में साक्षी राणा, मुमताज खान, अन्नू, दीपिका सोरेंग, दीपी मोनिका टोप्पो और सुनेलिटा टोप्पो शामिल हैं, जबकि डिफेंडर थौनाओजम निरुपमा देवी और मिडफील्डर ज्योति एडुला को मार्की इवेंट के लिए प्रतिस्थापन खिलाड़ियों के रूप में नामित किया गया है।

### पुरुष प्रीमियर लीग में खेलेंगे दिल्ली के 11 टॉप क्लब

नयी दिल्ली। दिल्ली फुटबॉल एसोसिएशन (डीएसए) के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने गुरुवार को दूसरी पुरुष प्रीमियर लीग के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि 16 नवंबर से आयोजित होने वाली लीग में राजधानी के 11 जाने माने क्लब डबल लेग में खेलेंगे। डीएसए के अध्यक्ष ने आज यहां कहा कि दिल्ली की फुटबाल का हाल का प्रदर्शन चौंकाने वाला रहा है। संतोष ट्रॉफी और अन्य आयुवर्ग के राष्ट्रीय आयोजनों में दिल्ली ने बड़ी कामयाबी पाई है। नतीजन कई खिलाड़ी आई लीग में खेल रहे है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दूसरे आयोजन में गत विजेता वाटिका एफसी और उपविजेता गढ़वाल एफसी फिर से दावेदारों में शामिल हैं। उद्घाटन मैच वाटिका और सीआईएसएफ प्रोटेक्टर के बीच 11 बजे खेला जाएगा। भाग लेने वाले क्लब हैं : दिल्ली एफसी, फ्रेंड्स यूनाइटेड, गढ़वाल हीरोज, सीआइएसएफ प्रोटेक्टर, भारतीय वायुसेना, रॉयल रेंजर्स, सुदेवा दिल्ली, तरुण सांघा, अहबाब, रेंजर्स एससी और गत विजेता वाटिका एफसी। अनुज गुप्ता के अनुसार दिल्ली की फुटबाल के चर्चे पूरे देश में हैं। दिल्ली लीग आयोजन के मामले में जल्दी ही नंबर एक पर पहुंचने वाली है। उन्होंने माना की लीग में बहुत से क्लब बाहरी खिलाड़ियों के भरोसे चल रहे हैं, जोकि शुभ लक्षण है लेकिन क्लबों को स्थानीय खिलाड़ियों को अधिकाधिक मौके देने चाहिए, क्योंकि डीएसए का असली मकसद अपने खिलाड़ियों को सक्षम बनाना है।

### क्रिकेट के दिग्गज लीजेंड्स ट्रॉफी के साथ आगरा के बाद दिल्ली पहुंचे

नयी दिल्ली/आगरा। क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए वंदे भारत ट्रेन से 'भारत भ्रमण' पर निकले दिग्गज क्रिकेटरों का गुरुवार को लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के साथ ताजनगरी आगरा और उसके बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के हजरत नजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंचने पर गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया। इंग्लैंड के मोंटी पनेसर 'ताजमहल' की खूबसूरती निहारने के लिये ट्रेन से उतर गये जबकि दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स, सैयद किरमानी और ईश्वर पांडे आगे की यात्रा के लिए रवाना हो गए। इसी क्रम में वंदे एक्सप्रेस से एस. एम. एच. किरमानी और जोंटी रोड्स (भारत और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रीय टीम के क्रिकेटर) हजरत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंचे। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से उतरने के पश्चात स्टेशन पर उतरने पर दोनों खिलाड़ियों का कर्नल विक्रम सिंह राणा, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिल्ली एवं श्री प्रेम शंकर झा, सीनियर डी.एम.एम./दिल्ली ने क्रिकेटरों का स्वागत किया। लीजेंड्स लीग क्रिकेट लीग का दूसरा संस्करण 18 नवंबर से शुरू हो रहा है। लीग नौ दिसंबर तक लीग चलेगी। लीग पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापटनम और सूरत में आयोजित की जाएगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने भारतीय रेल के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय अभियान की घोषणा की है। इसी अभियान के तहत लीग की ट्रॉफी आठ नवंबर से वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा कर रही है। ट्रॉफी पूरे देश में 17 विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों सहित 50 शहरों में जाएगी।

### परनीत कौर ने ज्योति सुरेखा वेन्नम को हराकर स्वर्ण पदक जीता

बैंकॉक। युवा परनीत कौर ने गुरुवार को थाईलैंड के बैंकॉक में एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ ही भारत ने तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य के साथ अपना अभियान समाप्त किया। परनीत कौर ने आज यहां शूट-ऑफ में ज्योति सुरेखा वेन्नम को 9-8 से हराया। दोनों तीरंदाज पांच सेटों के अंत में 145 की बराबरी पर थे। इससे पहले सेमीफाइनल में परनीत कौर ने कजाकिस्तान की लियान विक्टोरिया को 147-145 से हराया था। कौर क्वालीफाइंग राउंड में चौथे स्थान पर रहीं थी। इस बीच, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की हुआंग आई-जौ को 148-145 से हराया था। क्वालीफाइंग राउंड में वह तीसरे स्थान पर रही थीं। विश्व चैंपियन अदिति स्वामी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहीं लेकिन तीसरे राउंड में उन्हें एक बड़े उलटफेर का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही परनीत कौर, ज्योति सुरेखा वेन्नम और अदिति स्वामी की तिकड़ी ने फाइनल में चीनी ताइपे की चेन यी ह्वान, हुआंग आई-जौ और वांग लू-यून पर 234-233 की जीत के साथ महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। 17 वर्षीय अदिति स्वामी ने अंडर-21 विश्व चैंपियन प्रियांश के साथ मिश्रित कंपाउंड टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक मैच में थाईलैंड की कनोकनापस केवचोम्फू और लेर्ट्रुआंगसिल्प नवायुत की जोड़ी को 156-151 से हराया।

### नामीबिया ने 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की

विंडहोक। नामीबिया के कोच कॉलिन बेंजामिन ने इक्वेटोरियल गिनी और साओ टोम के खिलाफ आगामी 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। क्वालीफायर मुकाबले में नामीबिया 15 नवंबर को मलाबो में इक्वेटोरियल गिनी से और 21 नवंबर को अगाडिर में साओ टोम से भिड़ेगा। नामीबिया फुटबॉल एसोसिएशन के बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार चयनित टीम 12 नवंबर को मलाबो, इक्वेटोरियल गिनी जाने से पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ जोहान्सबर्ग में शिविर लगाने के लिए गुरुवार को विंडहोक से रवाना होगी। 26 सदस्यीय घोषित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है: - लोयड्ट काजापुआ, नदिसिरो कामाइजांडा, जोनास माटेउस, रयान न्याम्बे, इवान काम्बेरिपा, लुबेनी हाउकोंगो, साइमन एलागो, कैनेडी अमुतेन्या, डेनजेल हाओसेब, चार्ल्स हैम्बिरा, अनानियास गेभार्ड्ट, रियान हनामुब, एप्रोसियस पेट्रस, नगेरो कटुआ, पेट्रस शिटेम्बी, प्रिन्स मेनेलिक तजिउज़ा, रोमियो कासुमे, पॉलस अमुतेन्या, मार्सेल पापामा, उएतुउरू कंबाटो, डीओन होट्टो, अबशालोम इम्बोंडी, पीटर शालुलिले, बेटुएल मुज़ेउ, एल्मो कंबिंदु, जूनियर पेट्रस और एडमर कामतुका। 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफिकेशन ग्रुप एच में ट्यूनीशिया, इक्वेटोरियल गिनी, नामीबिया, मलावी, लाइबेरिया और साओ टोम और प्रिंसिपे शामिल हैं।

# राष्ट्रीय खेलों में भारत की प्राचीन विधा 'कलारीपयट्टु' को मिली दिशा

पणजी। मार्शल आर्ट की जननी कही जाने वाली प्राचीन विधा 'कलारीपयट्टू' को 37वें राष्ट्रीय खेल के दौरान नयी दिशा मिली है।

शारीरिक कौशल, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक गहराई का मनोरम मिश्रण कलारीपयट्टु हाल के वर्षों में पुनर्जागरण का अनुभव कर रही है। इस लड़ाकू खेल ने गोवा में चल रहे राष्ट्रीय खेलों के 37वें संस्करण में भी अपनी शुरुआत की है, जहां देश के 16 राज्यों के 224 एथलीटों ने भाग लिया। भारतीय कलारीपयट्टू महासंघ के महासचिव पूनथुरा सोमन ने कहा, यह वास्तव में सभी मार्शल आर्ट की जननी है। इस बारे में कोई संदेह नहीं है। यह हम सभी के लिए बहुत बड़ा सम्मान है कि हमें गोवा में राष्ट्रीय खेलों में इस अद्वितीय खेल आयोजन को प्रदर्शित करने का मौका मिला।

उन्होंने कहा, कलारीपयट्टू को केरल द्वारा आयोजित 2015 के राष्ट्रीय खेलों में एक डेमो खेल के रूप में शामिल किया गया था।

हम सभी इस धारणा में थे कि हम 2016 में एक और राष्ट्रीय खेल देखेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए, हमें कलारीपयट्टू को एक प्रतिस्पर्धी खेल की उचित मान्यता प्राप्त करने में सक्षम होने के लिए इस साल तक इंतजार करना पड़ा।



कलारीपयट्टु की उत्पत्ति तीन हजार साल से भी अधिक समय पहले केरल में हुई थी, जो परंपरा और इतिहास में बेहद समृद्ध राज्य है। यह नाम दो मलयालम शब्दों से लिया गया है, 'कलारी' जिसका अर्थ है युद्धक्षेत्र और 'पयट्टु' जिसका अर्थ है लड़ाई। योद्धा वर्ग द्वारा विकसित, इसे आत्मरक्षा और युद्ध प्रशिक्षण के साधन के रूप में डिजाइन किया गया था। कलारीपयट्टु कई शताब्दियों तक एक गुप्त रहस्य था, जो केवल गुरु से शिष्य तक गुप्त प्रशिक्षण मैदानों में पारित होता था, जिन्हें कलारी के नाम से जाना जाता है। यह खेल 11वीं शताब्दी ईस्वी में चोल, चेर और पांड्य के शक्तिशाली राजवंशों के शासन के दौरान फला-फूला। हालांकि, ब्रिटिश शासन के दौरान क्रांति के डर से इस खेल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। वर्ष 1955 में भारतीय कलारीपयट्टू महासंघ (आईकेएफ) की शुरुआत के साथ, भारत के दक्षिणी भाग में पारंपरिक कला रूपों को बढ़ावा देने की पहल के तहत युद्ध खेल ने धीरे-धीरे अपनी लोकप्रियता हासिल की।

सोमन ने कहा, हमें वह मान्यता देने के लिए हम भारत सरकार के आभारी हैं जिसके हम वास्तव में लंबे समय से हकदार थे। कलारीपयट्टू जैसा खेल, जो भारतीय लोकाचार और संस्कृति में गहराई से रचा बसा है, को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक युवा इसमें सक्रिय रुचि लें, उन्होंने कहा, 2016 में, यूनेस्को ने कलारीपयट्टू को मानवता की सांस्कृतिक विरासत की अपनी प्रतिनिधि सूची में शामिल किया, जिससे इसके सांस्कृतिक महत्व और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

सोमन ने कहा, आज, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और यहां तक कि फ्रांस जैसे कई देशों ने इस लड़ाकू खेल में सक्रिय रुचि दिखाई है। हमारा मिशन अगले पांच वर्षों में कलारीपयट्टू को अधिक से अधिक देशों में ले जाना और इसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में एक नियमित विशेषता बनाना है। यही हमारा मुख्य लक्ष्य है।

## विश्व कप में भारत के साथ मुकाबले से पहले नीदरलैंड ने किया टीम में बदलाव




पुणे। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले अपने आखिरी मैच से पहले नीदरलैंड ने अपनी टीम में बदलाव किया है।

नीदरलैंड ने तेज गेंदबाज रयान क्लेन को पीठ की चोट के कारण 15-खिलाड़ियों की टीम से हटा दिया गया है और साथ ही युवा बल्लेबाज नोआ क्रोज को टूर्नामेंट के अंतिम मुकाबले के लिए एकादश में शामिल किया है। इस बदलाव को टूर्नामेंट स्पर्धा की तकनीकी कमेटी ने गुरुवार को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही बेंगलूरु में रविवार को होने वाले मुकाबले में क्रोज खेल सकते हैं।

आईसीसी की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रोज ने अपने देश के लिए सिर्फ एक एकदिवसीय मैच खेला है, जिसमें उनकी एकमात्र उपस्थिति जुलाई में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में हुई थी।

## साइकिलिंग में कर्नाटक ने स्वर्ण, तमिलनाडु ने रजत और महाराष्ट्र ने कांस्य पदक जीता

नयी दिल्ली। 37वें राष्ट्रीय खेलों की साइकिलिंग स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में कर्नाटक के नवीन जॉन ने स्वर्ण, तमिलनाडु के श्रीनाथ लक्ष्मीकांत ने रजत और महाराष्ट्र ने चिन्मय केवलरमानी ने कांस्य पदक जीता है। वर्ना-बिड़ला बाईपास एयरपोर्ट रोड, इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में कल खेले गये मुकाबले में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कर्नाटक के नवीन जॉन ने साइकिल दौड़ में 55~19.32 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं तमिलनाडु के श्रीनाथ लक्ष्मीकांत को 56: 32.04 के समय के साथ रजत पदक मिला। महाराष्ट्र ने चिन्मय केवलरमानी को 57: 30.11 के समय के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। स्पर्धा में पंजाब के विश्वजीत सिंह 57: 32.60 समय के साथ चौथे नंबर पर रहे। सर्विस के दिनेश कुमार 59: 02.44 समय और सतीश कुमार 1: 18.14 समय के साथ क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर रहे।

# ऑस्ट्रेलिया महिला कप्तान मेग लैनिंग ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है।

आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि दो आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी और पांच आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खिताब की विजेता लैनिंग ने अपने देश के लिए सभी प्रारूपों में आठ हजार से अधिक रन बनाकर 31 साल की उम्र में संन्यास ले लिया है।



लैनिंग ने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का निर्णय लेना कठिन था लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है।

उन्होंने कहा, मैं 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का आनंद लेने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली रही हूं, लेकिन मुझे पता है कि अब मेरे लिए कुछ नया करने का सही समय है।

लैनिंग ने कहा, टीम की सफलता के कारण ही आप खेल खेलते हैं, मैं जो हासिल कर पाई हूं उस पर मुझे गर्व है और इस दौरान टीम के साथियों के साथ साझा किए गए पलों को मैं संजो कर रखूंगी।

उन्होंने कहा, 'मैं अपने परिवार, अपनी टीम के साथियों, क्रिकेट विक्टोरिया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे उच्चतम स्तर पर मेरे पसंदीदा खेल को खेलने की अनुमति दी।

उन्होंने कहा, मैं उन सभी प्रशंसकों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने मेरे पूरे अंतरराष्ट्रीय करियर में मेरा समर्थन किया है।

लैनिंग का पहला आईसीसी खिताब 2012 में श्रीलंका में टी20 विश्व कप में आया था और इसके बाद उन्होंने अगले वर्ष भारत में एकदिवसीय विश्व कप का खिताब जीता। दाएं हाथ की इस खिलाड़ी ने 2014 की शुरुआत में जोडी फील्ड्स से कप्तानी की बागडोर संभाली और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा क्योंकि उन्होंने 182 मौकों पर आत्मविश्वास के साथ अपने देश का नेतृत्व किया और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के लिए स्वर्णिम दौर में पांच आईसीसी खिताब जीते।

# साउथ कोरिया में रोबोट ने ली शख्स की जान

## इंसान और डिब्बे में फर्क नहीं कर पाया, टेस्टिंग के दौरान हादसा हुआ

साउथ कोरिया में रोबोट ने एक शख्स की जान ले ली। रोबोट डिब्बे और इंसान में फर्क नहीं कर सका। साउथ कोरिया की न्यूज एजेंसी योनहाप के मुताबिक, हादसा रोबोटिक आर्म यानी चीजों को पकड़ने के लिए हाथ जैसे उपकरण में आई गड़बड़ी के कारण हुआ।

इस रोबोटिक आर्म को डिब्बे उठाकर एक पैनल पर रखने थे, लेकिन इसने डिब्बे की जगह एक इंसान को पकड़ लिया।



### रोबोट की टेस्टिंग के दौरान हुआ हादसा

योनहाप के मुताबिक यह हादसा तब हुआ, जब कर्मचारी रोबोट के सेंसर ऑपरेशन को चेक कर रहा था। इस दौरान रोबोटिक आर्म ने कर्मचारी को डिब्बा समझकर पकड़ लिया और ऑटोमैटिक पैनल की तरफ धकेल दिया। इससे कर्मचारी का चेहरा और छाती बुरी तरह कुचल गई। उसे फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### सेंसर में खराबी थी

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ट 6 नवंबर को होना था, लेकिन रोबोट के सेंसर में खराबी के कारण टेस्ट को दो दिन आगे बढ़ा दिया गया। जिसके बाद यह 8 नवंबर को हुआ। हालांकि तब यह साफ नहीं हो सका कि गड़बड़ी कहां हुई जिसकी वजह से हादसा हुआ। पुलिस ने गुरुवार (9 नवंबर) को बताया कि यह हादसा रोबोट में खराबी की वजह से हुआ। पुलिस अब साइट के सेफ्टी मैनेजर्स के खिलाफ लापरवाही बरतने की जांच शुरू करने की तैयारी कर रही है।

### रूस में रोबोट ने 7 साल के लड़के की उंगली तोड़ दी थी

पिछले साल रूस में हुए एक चेस टूर्नामेंट के दौरान रोबोट ने 7 साल के क्रिस्टोफर की उंगली तोड़ दी थी। इसका एक वीडियो आया था। इसमें देखा जा सकता है कि क्रिस्टोफर रोबोट के चाल चलने से पहले अपनी चाल चल रहे हैं। कुछ देर बाद ऐसा लगता है कि उनकी अपनी उंगली रोबोट के हाथ में फंस गई है। इतने में पास खड़े कुछ लोग लड़के की उंगली को रोबोट से छुड़ाने का प्रयास करते हैं।

रशियन चेस एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट सर्गेई स्मागिन ने न्यूज वीक को बताया था कि रोबोट ने लड़के की उंगली तोड़ी। वह लड़का तय समय से पहले अपनी चाल बदलने लगा। तब रोबोट के चाल चलने की बारी थी। उन्होंने कहा कि ऐसा बहुत कम मौकों पर होता है। जहां तक मुझे याद है, ऐसा पहली बार हुआ है।

क्रिस्टोफर अंडर-9 में मास्को के 30 सबसे मजबूत चेस खिलाड़ियों में से एक हैं। इस घटना के बाद उनकी उंगली टूट गई और उसमें कई सारी खरोंच आईं।

# ट्रूडो, सुनक, कमला हैरिस ने मनाई दिवाली

## कनाडा के पार्लियामेंट हिल पर फहराया गया भगवा झंडा; रोशनी से जगमग सुनक-अक्षता का घर

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को अपने आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट पर पत्नी अक्षता के साथ दिवाली मनाई। इस दौरान उन्होंने हिन्दू समुदाय के कई लोगों को आमंत्रित किया। ब्रिटेन के पीएम ऑफिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- अंधेरे पर रोशनी की जीत के मौके पर प्रधानमंत्री सुनक हिन्दू समुदाय के लोगों के साथ दिवाली मना रहे हैं।



उन्होंने पूरे ब्रिटेन और विश्व को शुभ दिवाली कहा। इसके अलावा भारत के साथ तनाव के बीच कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भी दिवाली मनाई। इस मौके पर उन्होंने राजधानी ओटावा में पार्लियामेंट हिल पर दीपक जलाया। ट्रूडो ने सोशल मीडिया पर त्योहार मनाते हुए तस्वीरें भी साझा कीं।

उन्होंने लिखा- कुछ ही दिनों में पूरी दुनिया दिवाली का त्योहार मनाएगी। ये अंधकार पर रोशनी की जीत का पर्व है। ये नई उम्मीदों का त्योहार है। जिन लोगों ने हमारे साथ आकर दिवाली मनाई, मैं उन सबको धन्यवाद देता हूं। मुझे उम्मीद है कि ये त्योहार आप सबके जीवन में नई रोशनी और उम्मीद लेकर आएगा।

कनाडा की राजधानी ओटावा में दिवाली पार्टी का आयोजन भारतीय मूल के सांसद चंद्रशेखर आर्य ने किया था। इस दौरान विपक्ष के नेता पियरे पॉलिवर भी इसमें शामिल हुए। दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान पार्लियामेंट हिल पर ओम् का झंडा भी फहराया गया।

इसके अलावा अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी अपने आधिकारिक घर पर दिवाली मनाई। इस दौरान हैरिस ने अपने मेहमानों से इस त्योहार की अहमियत पर बात की।

## पुतिन कजाकिस्तान के राष्ट्रपति से बातचीत करने के लिए अस्ताना पहुंचे

अस्ताना। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आधिकारिक दौरे पर अस्ताना पहुंचे, जहां वह अपने कजाख समकक्ष कासिम-जोमार्ट टोकायेव के साथ बातचीत करेंगे और एक अंतरक्षेत्रीय सहयोग मंच में भाग लेंगे। पुतिन कजाकिस्तान के नेता के निमंत्रण पर अस्ताना का दौरा कर रहे हैं। श्री टोकायेव ने स्वयं हवाई अड्डे पर अपने रूसी समकक्ष से मुलाकात की। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पहले कहा था कि वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने सहयोग के सभी क्षेत्रों पर की तुलना करने की योजना बनायी है, उन्होंने कहा कि इनमें आपसी निवेश भी शामिल है। दोनों नेता क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

## गाजा पट्टी में बाहरी शासन का विरोध करता है जॉर्डन

अम्मान। जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री अयमान सफादी ने कहा है कि जॉर्डन भविष्य में गाजा पट्टी में बाहरी शासन के किसी भी विचार का विरोध करता है। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा था कि गाजा का भविष्य फिलिस्तीनियों को खुद तय करना चाहिए, लेकिन इजरायल के साथ मौजूदा संघर्ष की समाप्ति के बाद क्षेत्र के प्रशासन की संरचना अभी तक निर्धारित नहीं की गई है। पेट्रा समाचार एजेंसी के हवाले से सफादी ने कहा कि जॉर्डन अरब या गैर-अरब बलों के माध्यम से युद्ध के बाद गाजा प्रशासन की किसी भी बात को खारिज करता है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनियों के अधिकारों की प्राप्ति और उनके स्वतंत्र राज्य के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए एक राजनीतिक समाधान और व्यापक तथा न्यायपूर्ण शांति की आवश्यकता है। उल्लेखनीय की हमास ने सात अक्टूबर को इजरायल में घुसकर तथा रॉकेटों के जरिए हमला किया था, जिसमें 1400 लोग मारे गए थे । इसके बाद इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमला करने शुरू कर दिया, जिसके कारण अब तक 10 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं।

## इजरायल, फिलिस्तीन को निपटान प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने के लिए नए नेतृत्व की जरूरत

मॉस्को। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने गुरुवार को कहा कि इजरायल और फिलिस्तीन को समझौता प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने के लिए नए नेतृत्व की जरूरत है। हिलेरी ने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में कहा, आपको ऐसा माहौल बनाना होगा जिसमें शांति प्रक्रिया को पुनर्जीवित करने का मौका हो। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि किसी भी प्रकार के शांति समझौते , विशेष रुप से इजरायल और फिलिस्तीनियों के नए नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मानना है कि हमास इजरायल के विनाश में रुचि रखता है और इसलिए किसी भी संभावित सौदे का पक्ष नहीं हो सकता है, उन्होंने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दो-राष्ट्रों के समाधान के लिए भागीदार हो सकते हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अक्टूबर में इजरायल की सत्तारूढ़ पार्टी लिकुड के सदस्यों का हवाला देते हुए बताया कि इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के बढ़ने के बीच नेतन्याहू सत्ता में नहीं रहेंगे। उल्लेखनीय है कि गत 07 अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया और पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी।

## गाजा में संघर्ष विराम की मांग को लेकर प्रदर्शन

न्यूयॉर्क। अमेरिका के न्यूयॉर्क में सैकड़ों प्रदर्शनकारी फिलिस्तीनी झंडे लेकर सड़कों पर उतरे और गाजा में युद्धविराम की जोरदार मांग की। रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को हुए इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी 'फिलिस्तीन को आजाद करो', 'अभी संघर्ष विराम करो' और 'नरसंहार बंद करो' के नारे लगा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्ट ले रखा था, जिस पर 'नेतन्याहू और बिडेन युद्ध अपराधी' और 'इज़रायल एक आतंकवादी देश है, जो खुले तौर पर नरसंहार कर रहा है' लिखा हुआ था। विरोध प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय की इमारत से होकर गुजरा और फिर 42वीं स्ट्रीट के साथ डाउनटाउन मैनहट्टन की ओर मुड़ गया। इस दौरान पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन किसी झड़प या गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि संरा के अनुसार, इज़रायल-हमास संघर्ष के कारण में 10,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। यह संघर्ष 7 अक्टूबर को हमास की ओर से इजरायल में हमला करने के बाद शुरू हुआ था। हमास की ओर से किए गए हमले में 1,400 लोग मारे गए थे। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश देते हुए पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप संवर रही धर्मनगरी अयोध्या

## सनातन परंपरा के अनुसार आध्यात्मिक केंद्र के रूप में हो रहा अवधपुरी का विकास

लखनऊ। सरयू किनारे अवस्थित अयोध्या नगरी आज अपने पौराणिक आभा के अनुरूप सज-संवर गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में अयोध्या नगरी विकास के नित नए प्रतिमान गढ़ रही है। अयोध्या का दीपोत्सव आज नए भारत की विशिष्ट पहचान बन रहा है। आज यहां हर ओर भव्यता-दिव्यता को साकार रूप में अनुभव किया जा सकता है।



### दीपोत्सव बना नए भारत की पहचान

नए भारत की पहचान अयोध्या दीपोत्सव प्रति वर्ष नए कीर्तिमान के साथ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो रही है। यही नहीं शताब्दियों की प्रतीक्षा के उपरांत श्रीराजन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो 22 जनवरी 2024 में लोकार्पित होने वाला है। इसके अलावा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण भी अंतिम चरण में है। उत्तर प्रदेश का ये चौथा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जल्द क्रियाशील होने को तैयार है। सिर्फ इतना ही नहीं नव्य अयोध्या की स्थापना के उद्देश्य से लगभग 1893 एकड़ में अत्याधुनिक नगरीय सुविधाओं से युक्त नवीन ग्रीनफील्ड वैदिक सिटी के विकास की प्रक्रिया भी गतिमान है।

अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय पहले ही योगी आदित्यनाथ की सरकार ने ले लिया है। सरयू किनारे 40 मेगावॉट की सोलर विद्युत उत्पादन परियोजना के विकास का निर्णय हो या स्मार्ट सिटी के रूप में अयोध्या का विकास, इन्टेलिजेन्ट ट्रैफिक मैनेजमेन्ट सिस्टम का विकास बदलती हुई अयोध्या की निशानी है। इसके अलावा यहां के प्रमुख 4 स्थानों यथा- हनुमानगढ़ी, नयाघाट, अयोध्या रेलवे स्टेशन और गुप्तारघाट पर वाई-फाई की सुविधा भी प्रदान कर दी गई है।

### कॉमन बिल्डिंग कोड से बढ़ेगी नगर की सुंदरता

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुगमता की दृष्टि से सहादतगंज से नया घाट तक करीब 13 किलोमीटर लंबे रामपथ का निर्माण कार्य प्रगति पर है। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के समीप वाले क्षेत्रों में कामन बिल्डिंग कोड लागू है, जिसके जरिए नगर की सुंदरता को नवीन आयाम मिलने वाला है। यही क्यों पर्यटकों/श्रद्धालुओं को जलयान भ्रमण का आनंद सुलभ कराने के लिए जटायु क्रूज सेवा संचालित की जा चुकी है।

### परिक्रमा मार्ग पर रामायण कालीन दृष्टांत

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या धाम की पंचकोसी और चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का सुंदरीकरण और चौड़ीकरण किया जा रहा है।

इसके अलवा परिक्रमा मार्ग पर रामायण कालीन दृष्टांतों को उत्कीर्ण करने का अद्भुत कार्य गतिमान है। परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले 208 पौराणिक महत्व के स्थलों पर अनुसंधान कर उन्हें आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।

### क्वीन मेमोरियल पार्क से प्राचीन मैत्री सम्बन्धों को मिल्क नकवीं आयाम

वहीं लगभग दो हजार वर्गमीटर के परिक्षेत्र में क्वीन मेमोरियल पार्क का विकास किया जा रहा है। इससे दक्षिण कोरिया और भारत के प्राचीन मैत्री संबंधों को नवीन आयाम मिलेगा। पार्क में मेडिटेशन हॉल, क्वीन पवेलियन, किंग पवेलियन, पाथ-वे, फाउंटेन, म्यूरल, ऑडियो-वीडियो इत्यादि का निर्माण तेज गति से जारी है। इसके अलावा मंदिर संग्रहालय की स्थापना, श्रीराम मंदिर के डिज़ाइन से प्रेरित अयोध्या के भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण। पावन 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित। भव्य अयोध्या की परिकल्पना के तहत नगर के तेरह किलोमीटर मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण, मार्ग के दोनों ओर रामायण कालीन वृक्षों की छाया, गुप्तार घाट से जानकी घाट तक के विकास और सुंदरीकरण का कार्य, पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए नया घाट के निकट भव्य पर्यटन सुविधा केंद्र का निर्माण हो रहा है।

### 108 से अधिक कुंडों का पुनरोद्धार

यही क्यों श्रीराम कथा संग्रहालय के संचालन के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से अनुबंध हो चुका है। सरयू तट पर स्थित जामतारा में पीपीपी के माध्यम से राम अरण्य की परिकल्पना पूरी हो चुकी है, जहां श्री राम के 14 वर्ष के वनवास की कथाओं को विभिन्न माध्यमों से सजीव किया जाएगा। कुंडों का नगर कहे जाने वाले अयोध्या के 108 से भी अधिक कुंडों का पुनरोद्धार होना शुरू हो गया है।

साथ ही साथ पौराणिक सूर्यकुंड पर लाइट एंड साउंड शो का संचालन भी योगी सरकार में होने लगा है। इसके अलावा 67 हेक्टेयर के झील समदा वेटलैंड का इकोलॉजिकल संरक्षण हुआ तो यह प्रकृति प्रेमी पर्यटकों के लिए संपन्न जैव-विविधता हॉटस्पॉट बन गया।

# चांदनी सिंह के ऊपर मनोज टाईगर की पड़ी नज़र, बोले चाहे जो कुछ कर लो 'हम नहीं सुधरेंगे' !

चाँदनी सिंह भोजपुरी फिल्मों की एक जानी मानी अभिनेत्री हैं और वो अपनी खूबसूरती का जादू जहां चाहें वहीं चला देती हैं। अब उनकी खूबसूरती देखकर पिछले दिनों मनोज सिंह टाइगर उनके पीछे ही पड़ गए, चाँदनी सिंह जहां जहाँ, मनोज टाईगर पीछे पीछे वहां वहां । यह देखकर चाँदनी सिंह ने कहा कि आप मेरा पीछा क्यों कर रहे हैं ? आपकी उम्र हो गई है तो मनोज टाईगर ने अपने चेहरे पर कुटिल मुस्कान लाकर कहा कि हम नहीं सुधरेंगे ।



दरअसल रूँगटा फिल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फिल्म हम नहीं सुधरेंगे के सेट पर यह वाक़या हुआ जब ऐसी स्थिति आन पड़ी और कलाकार शूटिंग के टाइम में मजा मस्ती करते हुए एक दूसरे से हंसी मजाक कर रहे थे , चुकीं फ़िल्म का टाइटल ही इतना मनोरंजक है कि उसको लेकर किसी के भी मन मे शरारत होने लगे इसीलिए मनोज सिंह टाइगर ने शरारत करने के लिए अभिनेत्री चाँदनी सिंह को ही पकड़ लिया ।

बहरहाल फ़िल्म की पूरी शूटिंग ख़त्म हो चुकी है और फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे इनदिनों पोस्ट प्रोडक्शन में है ।

फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर के साथ साथ देवभूमि उत्तराखंड के ऋषिकेश और हरिद्वार के आसपास भी की गई है । चाँदनी सिंह कहती हैं कि वैसे भी ऋषिकेश और हरिद्वार अपनी खूबसूरती और देवदर्शन के लिए पूरी दुनिया मे प्रसिद्ध है ,ऐसे में यहां फ़िल्म की शूटिंग करना काफी सुखप्रद अहसास रहा है ।

यहां की खूबसूरत वादियों में शूटिंग करना देवत्व के साक्षात दर्शन के समान है ।

यहां का मौसम भी बिल्कुल खुशगवार है और किसी भी प्रकार की असुविधा के बिना निर्विघ्न रूप से हमने गोरखपुर और ऋषिकेश, हरिद्वार में भी शूटिंग पूरी किया ।

अभिनेता मनोज सिंह टाइगर ने बताया कि आनन्द रूँगटा के प्रोडक्शन में बनी ये फ़िल्म बेहद अलग विषय वस्तु पर आधारित है । इस फ़िल्म में इतने सारे लोग हैं इसके बावजूद किसी को भी कम मौका नहीं मिला है । सबने अपनी क्षमताओं का भरपूर इस्तेमाल किया है और एक स्वस्थ मनोरंजन से भरपूर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बनकर सामने आ रही है ।

फ़िल्म निर्माता आनन्द रूँगटा के रूँगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन किया है सुनील कुमार मांझी ने, इस फ़िल्म के संगीतकर हैं जाने माने संगीतकार मधुकर आनन्द ओम झा । फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के कलाकार हैं चांदनी सिंह, श्रुती राव ,संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन , सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह ,वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, सहित गोरखपुर के स्थानीय कलाकार गजेंद्र व प्रमोद चोखानी । भोजपुरी फ़िल्म जगत के सारे हास्य कलकारों को समेटे इस फ़िल्म के पीआरओ संजय भूषण पटियाला हैं ।

# विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए चलेगा विशेष अभियान

लखनऊ। बच्चों के पठन-पाठन में नियमित उपस्थिति के महत्व को देखते हुए योगी सरकार अनेक उपाय कर रही है। इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप विद्यालयों में बच्चों की औसत उपस्थिति को 10 प्रतिशत बढ़ाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग विशेष अभियान चलाने जा रहा है। इसमें सभी शिक्षकों को प्रत्येक बच्चे की उपस्थिति का सतत अनुश्रवण एवं अभिभावकों से निरंतर सम्पर्क करने, उपस्थिति बढ़ाने के लिए बहु-आयामी रणनीति अपनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे कि उनका शैक्षिक उपलब्धि स्तर भी बढ़ाया जा सके। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद की ओर से जारी आदेश में समस्त बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देशों के तहत अभियान के संचालन के निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है की शिक्षक बच्चों की कम उपस्थिति के मूल कारणों का विश्लेषण करें, बच्चों के साथ आत्मीय संबंध विकसित करें, निरीक्षण एवं अनुश्रवण के माध्यम से उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें और आउटरीच प्रोग्राम के अंतर्गत अभिभावकों, ग्राम पंचायत के साथ बैठक, होम विजिट एवम शिक्षा चौपाल का आयोजन करते हुए छात्रों की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए अभियान चलाएं।

# राष्ट्रीय विधिक साक्षरता दिवस हुआ आयोजित

## दिव्यांगों को उपकरण वितरित हुए



**सोनभद्र** । वर्ष परम्परानुसार 9 नवम्बर को भारत में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस का संवहन करते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकर तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में सोनभद्र जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जनपद न्यायाधीश - अध्यक्ष अशोक कुमार यादव प्रथम की अध्यक्षता में विधिक सेवा दिवस जनपद न्यायालय परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्जवलन व माँ वाग्देवी के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार यादव प्रथम द्वारा दिव्यांगजनों को उपकरण भी प्रदान किये गये इसअवसर पर और विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किए जाने वालो लोगो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। अपने उद्बोधन में जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि इस विशेष दिन को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य देश के कमजोर वर्ग के लोगो तक सभी प्रकार की कानूनी सेवाओं को नि:शुल्क पहुंचाना है। इस दिन यह प्रयास किया जाता है की मुक्त सेवाओं के साथ ही लोगो को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया जाय। इस दौरान सचिव विधिक से प्राधिकरण- अपर जिला जज एहसानुल्ला खा ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि दूर दराज से आए हुए जरूरतमंदों व वंचित लोगो को कानूनी अधिकार और सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना ही विधिक जागरूकता एंव साक्षरता शिविर के आयोजन का प्रमुख उद्देश है। सभा मे प्रमुख रूप से अधिवक्तागण एंव अधिकारीगण तथा पैरालीगल वालेन्टियर उपस्थित रहे।

# शार्ट न्यूज

## विधायक भूपेश चौबे व नगरपालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने पीएम स्वनिधि रोजगार मेले का किया उद्घाटन




सोनभद्र ।तीन दिनी दीपावली मेला आयोजित हुआ पीएम स्वनिधि योजना का जिसके प्रथम दिवस पर उद्घाटनकर्ता रहे सदर विधायक भूपेश चौबे , नगरपालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष चन्द्र यादव, राजेश उपाध्याय, परियोजना अधिकारी डूडा जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ। विजय कुमार यादव,अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी रही समारोह में। मेले में पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत आठ योजनाओं से सम्बन्धित विभागों स्वास्थय विभाग, श्रम विभाग, जिला आपूर्ति कार्यालय, अग्रणी जिला प्रबन्धक एवं नगर पालिका परिषद के द्वारा स्टॉल लगाया गया है। स्टॉल का उद्घाटन फीता काट कर विधायक सदर के द्वारा किया गया। मेले में पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों द्वारा दीया मोमबत्ती मूर्ति एवं लाई - चूड़ा का स्टॉल लगाया गया। विधायक सदर, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा 03 लाभार्थियों को रू0 10,000.00 ऋण का स्वीकृति पत्र एवं 03 लाभार्थियों को परिचय बोर्ड का वितरण किया गया।

## तहसील गेट के सामने से ही अधिकारी नहीं हटवा पा रहे हैं अतिक्रमण

बीसलपुर। तहसील प्रषासन द्वारा तहसीरल के पिछले गेट के सामने बाइक स्टैंड का ठेंका किया गया है लेकिन लोग स्टैंड पर बाइकें न खड़ी करके तहसील गेट पर खड़ी करते हैं। जिससे तहसील में जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है लेकिन प्रषासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे वादकारियों में तहसील प्रषासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। पिछले काफी समय से तहसील के पिछले गेट पर बाइक स्टैंड लगा हुआ है तहसील का मेन गेट एसडीएम के निर्देष पर 10 बजे से 3 बजे तक बंद रहता है। लोग अपनी बाइकें गंट के सामने खड़ी करके बाजार का काम काज निपटाने चले जाते हैं। जिससे तहसील में जाने वाले पीड़ितों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती है और मार्ग पर भी हमेषा जाम की स्थिति बनी रहती है लेकिन एसडीएम महिपाल सिंह व तहसीलदार कर्मसिंह इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जब तहसील के सामने से ही अधिकारी अतिक्रमण नहीं हटा पा रहे हैं तो नगर में फेले अतिक्रमण के जाल को कैसे हटा सकते हैं यह लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सील की गई कोट की दुकानों के खाद्यान्न की शुरू हुई जांच

बीसलपुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर के दो उचित दर विक्रेताओं की दुकानों को सील किया गया। गोदाम के खाद्यान की जांच शुरू कर दी गई है। नायब तहसीलदार व पूर्ति निरीक्षक द्वारा खाद्यान्न का निरीक्षण किया गया। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की ने उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत किए जाने पर जिला अधिकारी प्रवीण लक्ष्यकार से पिछले दिनों खाद्यान्न वितरण में उचितदर विक्रेताओं द्वारा अनाज की कटौती किए जाने की शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी राम सिंह गौतम को मामले में कार्यवाही कराने के निर्देश दिए थे। एडीएम के निर्देश पर उपजिलाधिकारी महिपाल सिंह ने नायब तहसीलदार रमेश चंद्र, पूर्ति निरीक्षक रजनीश चन्द्र शुक्ला सहित टीम के साथ मोहल्ला बख्तावरलाल में महिला उचित दर विक्रेता रेखा जायसवाल व इसी मोहल्ले के कोटेदार मनोज कुमार की कोटे दुकानों के गोदाम सील कर दिए थे। एसडीएम के निर्देश पर दोनों सील कोटे की दुकानों को खुलवाकर नायब तहसीलदार व पूर्ति निरीक्षक द्वारा खाद्यान्न का स्टॉक से मिलान किया गया।

## दीप सज्जा प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

पीलीभीत। गुरूवार को दीपावली के अवसर पर चिरौंजीलाल वीरेन्द्रपाल सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में कला अध्यापक चांदगीराम वर्मा के निर्देशन में दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के 90 छात्रों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया एवं अपनी कला का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। अन्त में निर्णायक संजीव पाराशरी ने क्रमश: निरीक्षण कर सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चयनित किया [प्रथम स्थान कक्षा 10वी के छात्र यश वर्मा, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से ख के प्रिन्स एवं 8ख के ऋषराज तथा तृतीय स्थान पर रख के अमन एवं 7क के हर्षित प्रभाकर रहे। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करते है हमें इस प्रकार के पर्व एवं त्योहार पर कार्यक्रम कर छात्रों को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश देना चाहिए ।

# एमजेआरपी पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## यातायात नियमों की अनदेखी करने से जा रही सैकड़ो की जान

**गाजीपुर।** यातायात पुलिस गाजीपुर द्वारा यातायात माह नवम्बर में लगातार यातायात के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्यक्रम चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शहर के एमजेआरपी पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकार शहर गौरव कुमार रहे। यातायात के प्रति स्कूल के बच्चों को जागरुक करते हुए श्री गौरव कुमार सिंह ने बताया यातायात नियमों के अनदेखी के चलते हजारों लोगों की जान सड़क हादसों में चली जाती है। सभी लोगों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए।



जब कभी दुर्घटना होती है तो हेलमेट हमारी जान माल की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने चार पहिया वाहन चालकों से अपील की वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए । यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सीओ गौरव कुमार सिंह स्कूली छात्रों से कहा कि जब तक आपकी उम्र 18 साल न हो जाए तब तक वाहन चलाने से बचना चाहिए। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कुछ सवाल क्षेत्राधिकारी से पूछा गया। एक बच्चे के सवाल पर बोलते हुए बताया कि यातायात माह में यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों का लगातार चालान किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन यातायात प्रभारी मनीष कुमार त्रिपाठी की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाल कृष्ण मौर्य, अजीत कुमार , प्रधानाचार्य श्री सुदर्शन सिंह कुशवाहा, डिप्टी प्रिंसिपल राकेश पांडेय, अध्यापक दिनकर सिंह, आशीष कुमार कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब में एक को भेजा जेल

**बीसलपुर।** पुलिस ने गष्त के दौरान शराब की बिक्री करने जा रहे युवक को 20 लीटर कच्ची शराब समेत दबोच लिया। जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकबारा निवासी गंगाराम पुत्र रामबहादुर 20 लीटर की केन में कच्ची शराब भरकर बिक्री करने जा रहा था। इसी दौरान गष्त कर रहे कांस्टेबल रंजीत, हेड कांस्टेबल राकेष चन्द्र मिश्रा ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है।

# प्रशासन द्वारा चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान में ग्रामीण हुआ बेघर

## पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से लगायी न्याय की गुहार

बीसलपुर। गांव रसयांखानपुर में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसमें पीड़ित का मकान आबादी में होने के बाद भी तोड़ दिया गया। जिससे पीड़ित बेघर हो गया है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जगह दिलाये जाने की मांग की है।

ग्राम रासायाखानपुर निवासी मुन्ने पुत्र गुलशेर खां का मकान अबादी में बना हुआ था। जिस पर प्रशासन के द्वारा मकान तोड कर प्रा0 स्वारा केन्द्र रसायांखानपुर का निर्माण करा दिया गया तथा उसको को अश्वासन दिया गया था कि आपको मकान बनाने हेतु दूसरी जगह पर जगह दी जायेगी। उसने अश्वासन मानकर अपना मकान हटा लिया और दूसरे व्यक्ति नईम के मकान में सामान रख लिया। वर्तमान लेखपाल व प्रधान अब कोई बात सुनने को तैयार नहीं हैं। वह दूसरे के मकान में किराये पर रह रहा है। वह मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है।

जिस कारण किराया देना मुश्किल हो रहा है। किराया समय पर न दे पाने के कारण मकान मालिक भी परेशान कर रहा।

उसकी परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए अभिलम्ब आवास हेतु जगह दिलावायी जानी आवश्यक है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी महिपाल सिंह से जगह दिलाकर आवास बनवाये जाने की मांग की है।

# मैलानी-शाहगढ़ के बीच ट्रेन का संचालन शुरू, केंद्रीय राज्यमंत्री टेनी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**पीलीभीत।** मैलानी-पीलीभीत रेलखंड के आमान परिवर्तन को लिए गए मेगा ब्लॉक के पांच साल बाद क्षेत्रवासियों को दिवाली से पहले मैलानी से शाहगढ़ तक ट्रेन की सौगात मिली है। बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर मैलानी से शाहगढ़ के लिए रवाना किया। लखीमपुर खीरी में दिवाली से पहले लोगों को सौगात मिली है। बृहस्पतिवार से मैलानी-शाहगढ़ इलेक्ट्रिक ट्रेन की शुरुआत हो गई। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने दोपहर 12.20 बजे हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर शाहगढ़ के लिए रवाना किया। मैलानी-पीलीभीत रेलखंड के आमान परिवर्तन को लिए गए मेगा ब्लॉक के पांच साल बाद क्षेत्रवासियों को दोबारा मैलानी से शाहगढ़ तक ट्रेन की सौगात मिली है। मैलानी से पहले दिन 75 यात्री इस ट्रेन में सवार हुए। रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) ने मैलानी-पीलीभीत रेल खंड के आमान परिवर्तन के लिए 30 मई 2018 को मेगा ब्लॉक लिया था। वन विभाग की आपत्ति के चलते काम में देरी हुई। रेलवे के मुताबिक, लखनऊ से मैलानी आने वाली ट्रेन नंबर 05086 का विस्तार करके विशेष गाड़ी संख्या 05030 बनाकर दोपहर सवा बारह बजे मैलानी से शाहगढ़ तक चलाया जाएगा। मैलानी जंक्शन पर केंद्रीय राज्यमंत्री टेनी ने इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर नव आमान परिवर्तित मैलानी-शाहगढ़ खंड रूट पर इसका शुभारंभ किया। यह ट्रेन मैलानी से चलकर 1:55 बजे शाहगढ़ पहुंचेगी। वापसी में शाहगढ़ से 5:10 बजे चलकर 6:40 बजे मैलानी पहुंचेगी पूरनपुर स्टेशन पर व्यापार मंडल अप प्रदेश अध्यक्ष हंसराज गुलाटी जाहिद खान नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान अशोक खंडेलवाल नईम खान एडवोकेट।

# 15 लाख के खोये 121 मोबाइल दिये गये वास्तविक स्वामियों को

***ललितपुर*** । उत्तर प्रदेश के ललितपुर में खोये हुये पन्द्रह लाख रूपये की कीमत के मोबाइल गुरूवार को उनके स्वामियों को सौंप दिये गये। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक द्वारा की जा रही जनसुनवाई के दौरान जनपद के साथ-साथ प्रदेश और कई अन्य स्थानों के लोगों ने अपने मोबाइल गुम हो जाने या गिर जाने के सम्बंध में अवगत कराते हुये प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके बाद एसपी के आदेश के क्रम में खोये व गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस टीम, थानों पर गठित टीमों द्वारा गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु अभियान चलाया गया, जिसमें सर्विलांस टीम, थानों पर गठित टीम के अथक प्रयास से अलग अलग राज्यों एवं उत्तर प्रदेश के जिलों से विभिन्न कम्पनियों के 121 मल्टीमीडिया मोबाइल सेट जिनकी कीमत पन्द्रह लाख रूपये आंकी गई है।

# दहशत के बीच आक्रोश डंडे और फावड़े लेकर माधोटांडा-पीलीभीत मार्ग पर बैठीं महिलाएं , लगा जाम

पीलीभीत। कलीनगर क्षेत्र में जंगल से दूर बाघों की मौजूदगी ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। पिपरिया संतोष के बाद जमुनिया गांव की सीमा में बाघ की मौजूदगी देखी गई। बाघ न पकड़े जाने से नाराज ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

पीलीभीत के कलीनगर तहसील क्षेत्र में एक बाघिन के पकड़े जाने के बाद भी बाघों की दहशत कम नहीं हो सकी है। पिपरिया संतोष, जमुनिया गांव के आसपास बाघ की लगातार मौजूदगी देखी जा रही है। इससे इलाके में दहशत बनी हुई है। बाघ न पकड़े जाने से नाराज ग्रामीणों ने वन विभाग के रवैये पर सवाल खड़े करते हुए बृहस्पतिवार को माधोटांडा-पीलीभीत मार्ग पर जमुनिया गांव के पास जाम लगा दिया।



पुरुषों के साथ महिलाएं हाथ में डंडे और फावड़े लेकर मार्ग पर बैठ गईं। ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ नारेबाजा की।

सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों का समझाया। इसके बाद जाम खुल सका। प्रदर्शन के दौरान जाम लगने से दोनों ओर से आने वाले वाहन की कतार लग गई। लोगों की परेशानी का सामना करना पड़ा।

जमुनिया गांव में मंगलवार रात बाघ जमुनिया गांव में आबादी के निकट पहुंच गया था। खेतों में घूम रहे बछड़े को मार दिया। उसका कुछ मांस भी खाया। ग्रामीणों का कहना था कि बुधवार सुबह भी बाघ की गन्ने में मौजूदगी देखी गई। विभाग को मामले की जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने बाघ को पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है।